संताल एक्सप्रेस ई-पेपर
www.santalexpress.com
https://epaper.santalexpress.com
पर पढ़े .......
04 जनवरी 2025, शनिवार
पृष्ठ-08, मूल्य : 2 रुपये
दुमका, वर्ष- 07, अंक - 97
Email-santalexpress20@gmail.com

संताल परगना की आवाज
# संताल एक्सप्रेस

### हाईकोर्ट ने छवि रंजन के मामले में ईडी से मांगा जवाब

**रांची ।** झारखंड हाई कोर्ट में शुक्रवार को बरियातू रोड स्थित सेना की कब्जे वाली 4.55 एकड़ जमीन की अवैध खरीद-बिक्री मामले में जेल में बंद निलंबित आईएएस अधिकारी छवि रंजन की ओर से रांची की निचली अदालत के संज्ञान आदेश को चुनौती देने वाली याचिका की सुनवाई हुई। मामले में हाई कोर्ट ने ईडी से चार सप्ताह में जवाब मांगा है। छवि रंजन की ओर से ईडी कोर्ट के जरिये लिए गए संज्ञान आदेश को चुनौती देते हुए केस को निरस्त करने का आग्रह किया गया है।

प्रधानमंत्री का केजरीवाल पर तंज, कहा-

## मैं भी महल बनवा सकता था, पर 4 करोड़ लोगों को घर देकर उनके सपने पूरे किए

● प्रधानमंत्री ने दिल्ली को 4500 करोड़ रुपये की विभिन्न परियोजनाओं का तोहफा दिया

एजेंसी

**नई दिल्ली ।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले पूर्व मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी (आआपा) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल पर भ्रष्टाचार को लेकर जमकर निशाना साधा। उन्होंने आआपा सरकार को 'आप-दा' की संज्ञा देते हुए कहा कि पिछले 10 सालों से राष्ट्रीय राजधानी आपदा से घिरी हुई है। उन्होंने दिल्लीवालों से इसे बदलने का आह्वान किया।

प्रधानमंत्री अशोक विहार में झुग्गी-झोपड़ी वालों के लिए बनवाए गए स्वाभिमान अपार्टमेंट में 1,675 फ्लैट की चाबी लाभार्थियों को सौंपने के बाद रामलीला मैदान में जनसभा को संबोधित कर रहे थे। प्रधानमंत्री ने कार्यक्रम में रिमोट का बटन दबाकर



राष्ट्रीय राजधानी के निवासियों को 4500 करोड़ रुपये की विभिन्न परियोजनाओं का तोहफा दिया। इसमें जेजे क्लस्टर के निवासियों के लिए 1,675 फ्लैट, स्कूल और कॉलेजों से जुड़े प्रोजेक्ट हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि देश अच्छी तरह जानता है कि मोदी ने कभी अपने लिए घर नहीं बनाया। मैं भी अपने लिए शीश महल बनवा सकता था, लेकिन पिछले 10 सालों में मैंने 4 करोड़ से ज़्यादा लोगों को घर देकर उनके सपने पूरे किए हैं। प्रधानमंत्री ने झुग्गी के बदले फ्लैट पाने वालों से अपनी बातचीत का जिक्र करते हुए कहा कि स्वाभिमान अपार्टमेंट गरीबों के स्वाभिमान को बढ़ाने वाला है। उनका कहा कि झुग्गी के बदले फ्लैट पाने वाले भले ही दिल्ली के अलग-अलग स्थानों के हैं लेकिन वे सभी मोदी का परिवार हैं।

आआपा प्रमुख अरविंद केजरीवाल पर परोक्ष रूप से कटाक्ष करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि अन्ना हजारे को आगे रखकर कुछ कट्टर बेईमान लोगों ने राष्ट्रीय राजधानी को आपदा की ओर धकेल दिया है। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी दिल्ली पर एक आप-दा की तरह आई है। ये लोग खुलेआम भ्रष्टाचार करते हैं और इसका जश्न भी मनाते हैं। ये और कुछ नहीं, चोरी, ऊपर से सीनाजोरी है। दिल्ली पर आपदा का संकट आ गया है। इसलिए दिल्ली के लोगों ने इस आपदा के खिलाफ जंग छेड़ दी है। दिल्ली एक सुर में कह रही है, आपदा को नहीं सहेंगे, बदल कर रहेंगे। उन्होंने कहा कि बीते 10 वर्षों से दिल्ली एक बड़ी आप-दा से घिरी है। अन्ना हजारे को सामने करके कुछ कट्टर बेईमान लोगों ने दिल्ली को आप-दा में धकेल दिया।

## ईडी के जवाब पर प्रति उत्तर के लिए हेमंत को मिला चार सप्ताह का समय

एजेंसी

**रांची ।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समन की अवहेलना मामले में एमपी-एमएलए कोर्ट में चल रहे मामले को निरस्त करने का आग्रह करने वाली याचिका की सुनवाई शुक्रवार को झारखंड हाई कोर्ट में हुई। मामले में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की ओर से ईडी के जवाब (प्रतिशपथ पत्र) पर प्रति उत्तर दाखिल करने के लिए कोर्ट से समय देने का आग्रह किया। कोर्ट ने आग्रह स्वीकार करते हुए चार सप्ताह का समय हेमंत सोरेन को



प्रदान किया।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की ओर से ईडी के जरिये दर्ज शिकायतवाद को निरस्त करने का आग्रह हाई कोर्ट से किया गया है। इसमें हेमंत सोरेन की ओर से कहा गया है कि ईडी के जिस समन पर नहीं गए थे उसका उन्होंने जवाब दे दिया था। इसके बाद वह समन लैप्स कर गया था। नए समन पर हेमंत सोरेन के ईडी के समक्ष उपस्थित हुए थे और समन का अनुपालन किया था। ईडी ने दुर्भावना से प्रेरित होकर उन्हें बार-बार समन जारी किया था।

दरअसल, ईडी की ओर से समन की अवहेलना मामले में शिकायतवाद सीजेएम कोर्ट में दाखिल की गई थी। सीजेएम कोर्ट ने मामले में संज्ञान लेते हुए हेमंत सोरेन को हाजिर होने का आदेश दिया था लेकिन वे चार तिथियों पर सीजेएम कोर्ट में उपस्थित नहीं हुए थे। हालांकि, अब यह मामला एमपी-एमएलए कोर्ट स्थानांतरित हो चुका है लेकिन हेमंत सोरेन पिछली कई तिथि को भी एमपी-एमएलए के विशेष न्यायिक दंडाधिकारी सार्थक शर्मा की कोर्ट में पेश नहीं हुए थे। इसके बाद एमपी-एमएलए कोर्ट ने हेमंत सोरेन की ओर से दाखिल व्यक्तिगत उपस्थिति से छूट से संबंधित पिटीशन को खारिज कर दिया है।

## झारखंड में लगातार चल रही हवा से बढ़ी कंपकंपी, छाया रहेगा कोहरा

संवाददाता

**रांची ।** झारखंड में लगातार चल रही हवा ने कंपकंपी बढ़ा दी है। पहाड़ों पर हो रही बर्फबारी का असर झारखंड में भी दिख रहा है। हवाओं ने झारखंड में ठंड बढ़ा दी है। राजधानी रांची के कांके में पारा लुढ़क कर 3.3 डिग्री सेंटीग्रेड तक पहुंच गया है।

मौसम विभाग के अनुसार, चार, पांच और छह जनवरी को सुबह कोहरा छाया रहेगा। साथ ही आंशिक रूप से बादल छाये रहने की भी संभावना है। राजधानी रांची में शुक्रवार को सुबह में हल्के दर्जे का कोहरा छाया रहा लेकिन बाद में धीरे-धीरे आसमान साफ हो गया। हालांकि, चल रही हवाओं की वजह से लोगों को काफी ठंड का सामना करना पड़ रहा है।

मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार, पिछले 24 घंटे में रांची का अधिकतम तापमान 20.8 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 08.0 डिग्री सेल्सियस रहा। इसी तरह जमशेदपुर का अधिकतम तापमान 23.5 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 09.8 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। डाल्टेनगंज का अधिकतम तापमान 22.2 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 7.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। बोकारो का अधिकतम तापमान 21.2 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 8.1 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

इस संबंध में रांची मौसम केंद्र के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने शुक्रवार को बताया कि पिछले 24 घंटे में सबसे कम न्यूनतम तापमान 5.3 डिग्री सेंटीग्रेड खूंटी में दर्ज किया गया। सबसे अधिक उच्चतम तापमान 26.8 डिग्री सेंटीग्रेड सिमडेगा में रहा। पिछले 24 घंटे में राज्य में मौसम शुष्क रहा।

### संक्षिप्त खबरें

### चंद्रमौली सिंह बने झारखंड के प्रधान महालेखाकार



**रांची।** भारतीय लेखा परीक्षा एवं लेखा सेवा के 1994 बैच के अधिकारी चंद्रमौली सिंह ने शुक्रवार को झारखंड के प्रधान महालेखाकार (लेखा और हकदारी) का पदभार ग्रहण किया। उन्होंने प्रधान महालेखाकार राजकुमार अग्रवाल का स्थान लिया है, जिन्हें पूर्व मध्य रेलवे हाजीपुर बिहार में महानिदेशक के पद पर स्थानांतरित किया गया है।रांची के पहले चंद्रमौली सिंह प्रधान महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी)आंध्र प्रदेश विजयवाड़ा के पद पर 2022 में पदस्थापित थे। इसके पहले वह नागपुर, पटना, राजकोट, नई दिल्ली, रांची में विभिन्न पदों पर योगदान दे चुके हैं।

### हम अब विश्व पटल पर खड़े हैं : भागवत

**इंदौर :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में शुक्रवार को इंदौर में घोष वादन कार्यक्रम हुआ।डॉ. भागवत ने कहा कि हमारा देश दरिद्र नहीं है। हम अब विश्व पटल पर खड़े हैं। संघ के कार्यक्रमों से मनुष्य के सद्गुणों में वृद्धि होती है। डंडा चलाने का उद्देश्य झगड़ा करना नहीं है, बल्कि यह उस स्थिति के लिए है, जब कोई हमारे सामने आकर गिर जाए, तो हम उसकी मदद कर सकें।

### चौकीदार नियुक्ति के लिए लिखित परीक्षा का परिणाम प्रकाशित

**देवघर ।** डीसी देवघर के आदेशानुसार चौकीदार नियुक्ति के लिए 22/12/24 को आयोजित लिखित परीक्षा का परिणाम प्रकाशित कर दी गई है.लिखित परिक्षा में चयनित अभ्यर्थियों का नियमावली के अनुसार जिलावार मेधा सूची जारी किया गया है. परीक्षा का परिणाम अभ्यर्थी जिला के एनआईसी लिंक (www.deoghar.nic in) वेबसाइट में देख सकते है।

संताल एक्सप्रेस
देश दुनिया व झारखंड की ताजा खबरें पढ़ने के लिये
santalexpress.com
पर जाएं या इस बार कोड को स्कैन करें.............

## पूरा मुआवजे के बिना किसी को जमीन से बेदखल नहीं कर सकते : सुप्रीम कोर्ट



एजेंसी

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि संपत्ति का अधिकार संवैधानिक अधिकार है और किसी भी व्यक्ति को कानून के अनुसार पर्याप्त मुआवजे के भुगतान किए बिना उसकी संपत्ति से बेदखल नहीं किया जा सकता। जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस केवी विश्वनाथन की पीठ ने कहा कि संविधान (44वां संशोधन) अधिनियम, 1978 के कारण संपत्ति का अधिकार मौलिक अधिकार नहीं रह गया है, लेकिन कल्याणकारी राज्य में यह मानव अधिकार और संविधान के अनुच्छेद-300-ए के तहत संवैधानिक अधिकार है।

यह अनुच्छेद कहता है कि कानूनी अधिकार के बिना किसी भी व्यक्ति को उसकी संपत्ति से बेदखल नहीं किया जाएगा। शीर्ष अदालत ने यह फैसला बेंगलुरु-मैसुरु इन्फ्रास्ट्रक्चर कॉरिडोर प्रोजेक्ट के लिए भू-अधिग्रहण से जुड़े मामले में कर्नाटक हाई कोर्ट के नवंबर, 2022 के फैसले को चुनौती देने वाली अपील पर सुनाया।

पीठ ने कहा कि परियोजना के लिए जमीन अधिग्रहीत करने के लिए कर्नाटक औद्योगिक क्षेत्र विकास बोर्ड (केआइएडीबी) ने जनवरी, 2003 में एक प्रारंभिक अधिसूचना जारी की थी और नवंबर, 2005 में अपीलकर्ताओं की जमीन पर कब्जा कर लिया गया था। शीर्ष अदालत ने कहा कि अपीलकर्ता भू-स्वामियों को पिछले 22 वर्षों के दौरान कई बार अदालतों का दरवाजा खटखटाना पड़ा और उन्हें बिना कोई मुआवजा दिए उनकी संपत्ति से बेदखल कर दिया गया। मुआवजा पाने के लिए अपीलकर्ताओं की ओर से कोई देरी नहीं हुई, बल्कि राज्य अथवा केआइएडीबी अधिकारियों के सुस्त रवैये के वजह से अपीलकर्ताओं को मुआवजा नहीं मिला। पीठ ने कहा कि अवमानना कार्यवाही में नोटिस जारी होने के बाद ही 22 अप्रैल, 2019 को विशेष भू-अधिग्रहण अधिकारी (एसएलएओ) ने अधिग्रहीत भूमि का बाजार मूल्य निर्धारित करने के लिए 2011 में प्रचलित दिशानिर्देश मूल्यों को आधार बनाया और मुआवजे का निर्धारण किया। पीठ ने कहा कि अगर 2003 के बाजार मूल्य पर मुआवजा प्रदान करने की अनुमति दी गई तो यह न्याय का मजाक बनाने और अनुच्छेद-300-ए के प्रविधानों का माखौल उड़ाने जैसा होगा।

## नए बजट में मध्यम वर्ग को कर राहत दी जाए : जयराम रमेश

जीएसटी संग्रह में गिरावट पर जताई चिंता

एजेंसी

**नई दिल्ली ।** कांग्रेस ने देश की आर्थिक स्थिति को चिंताजनक बताते हुए सरकार से नए बजट में इस ओर खास ध्यान देने की जरूरत बताई है। पार्टी का कहना है देश के आर्थिक ग्रोथ और जीएसटी संग्रह में गिरावट गंभीर चिंता का विषय है।

कांग्रेस के महासचिव (संचार) एवं सांसद जयराम रमेश ने आज यहां एक वक्तव्य में कहा कि देश में आर्थिक मोर्चे पर निराशाजनक स्थिति है। आर्थिक ग्रोथ में गिरावट से लेकर जीएसटी राजस्व संग्रह तक खराब हालत में है। उन्होंने व्यंग्यात्मक लहजे में कहा कि यह वक्त की मांग है कि सरकारी तंत्र अपना ध्यान पॉपकॉर्न पर टैक्स लगाने से हटाकर अर्थव्यवस्था की जटिलताओं से निपटने पर केंद्रित करे। लगभग एक महीने बाद पेश होने वाले केंद्रीय बजट में देश के गरीबों



को आय सहायता और मध्यम वर्ग के लिए कर राहत प्रदान की जानी चाहिए।

उन्होंने कहा कि दिसंबर 2024 के ताज़ा आंकड़ों से पता चलता है कि पिछले महीने जीएसटी संग्रह साढ़े तीन साल में दूसरी बार सबसे धीमी गति से बढ़ा है। रिफंड के समायोजन के बाद शुद्ध जीएसटी संग्रह घटकर 3.3 प्रतिशत रह गया है, जो चालू वित्त वर्ष में सबसे कम है। उन्होंने कहा कि सबसे पहले, मौजूदा वित्तीय वर्ष की पहली तीन तिमाहियों में सरकार ने जीएसटी संग्रह में 8.6 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है जबकि बजट अनुमान में 11 प्रतिशत की वृद्धि की बात थी। राजस्व संग्रह में यह गिरावट सरकार के लिए मनरेगा जैसे सामाजिक कल्याण के कार्यक्रमों में और कटौती करने की वजह नहीं हो सकती है, वो भी ऐसे समय में जब ग्रामीण मजदूरी स्थिर रही है और खपत में कमी आई है। इसके बजाय सरकारी व्यय को अर्थव्यवस्था के लिए प्रोत्साहन के रूप में इस्तेमाल किया जाना चाहिए। जयराम रमेश ने कहा कि पिछले महीने के शुद्ध संग्रह में इस नरमी के एक हिस्से के रूप में करदाताओं को रिफंड में 45.3 प्रतिशत की वृद्धि के लिए ज़िम्मेदार ठहराया जा सकता है।

## दुमका : सड़क दुर्घटना में बाइक सवार दो की मौत

संवाददाता

**दुमका ।** जिला के दो अलग अलग थाना क्षेत्र में शुक्रवार को हुई सड़क दुर्घटना में दो लोगों की मौत हो गई। जबकि एक व्यक्ति घायल हो गए। घटना मुफस्सिल थाना क्षेत्र के दुमका-मसलिया पथ पर विजयपुर के पास घटी। जहां तेज रफ्तार ट्रैक्टर से खलासी गिर कर घायल हो गया। इसमें ट्रैक्टर का चक्का उसके शरीर पर चढ़ गया। इलाज के लिए गंभीर अवस्था में फूलो झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल लाया गया। जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। मृतक जिले के रामगढ़ थाना क्षेत्र के आमजोला गांव निवासी सुकोल मरांडी है। दूसरी घटना जामा थाना क्षेत्र के दुमका-भागलपुर मुख्य पथ पर लगला गांव के पास घटी। जहां अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। इस घटना में बाइक चालक और सवार दोनों घायल हो गए। दोनों को इलाज के लिए फूलो-झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल लाया गया। जहां बाइक सवार जिले के जामा थाना क्षेत्र के गजड़ा गांव निवासी रॉकी ततवा की मौत हो गई। जबकि घायल बाइक चालक को बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया। परिजन इलाज के लिए देवघर ले गए। दोनों शव को नगर थाना पुलिस पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया।

## देवघर : संदिग्ध परिस्थिति में युवती का शव बरामद, शराब व बियर की बोतल बरामद

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

**देवघर।** नगर थाना क्षेत्र के कास्टर टाउन मोहल्ला स्थित एक मकान के कमरे से एक युवती का शव बरामद किया गया। मृतका की पहचान वर्द्धमान जिला के टेटीखोला आरा निवासी 30 वर्षीय ब्यूटी राणा के रूप में की गई। शव की हालत को देखकर अंदाज लगाया गया कि उसकी मौत कई दिन पूर्व हुई होगी। शव से दुर्गंध भी निकल रहा था। सूचना पर नगर थाना के एसआइ अरुण दत्त शर्मा अपनी टीम के साथ घटनास्थल पहुंचे। पुलिस ने जब कमरे की तलाशी ली तो शराब व बियर की खाली बोतल पाया। बाद में पुलिस ने युवती के संबंध में मकान मालिक सहित आसपास मौजूद लोगों से जानकारी ली। बाद में शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। घटना की सूचना मृतका के स्वजनों को दे दी गई है। मकान मालिक बीपी सिंह ने पुलिस को बताया कि वह उनके घर में किराए पर रहती है। वह एक निजी अस्पताल में काम करती थी। कमरे से उसके आने-जाने



का रास्ता पीछे से है। शुक्रवार सुबह वह मकान के आसपास साफ-सफाई करा रहे थे। उसी दौरान उसके कमरे से तेज गंध महसूस हुआ। अनहोनी की आशंका को देखते हुए पुलिस को घटना की जानकारी दी गई। इधर अस्पताल के प्रबंधन का कहना है कि वह पिछले तीन-चार दिनों से काम पर नहीं आ रही थी। पुलिस मृतका के स्वजनों का इंतजार कर रहे है। स्वजनों के बयान के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## आरके मिशन के टेलीफोन ऑपरेटर को मारी गोली

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

**देवघर।** गोली लगने से गंभीर रूप से घायल हुए एक व्यक्ति को गुरुवार की देर रात इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया गया। जहां उसकी स्थिति को गंभीर देखते हुए ऑन ड्यूटी चिकित्सक ने बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया।

घायल का नाम 40 मुन्ना कुमार यादव है। जो बिहार के बांका जिला के चांदन थाना क्षेत्र के गोविंदपुर गांव का रहने वाला है। गुरुवार की रात को उसे कटोरिया थाना क्षेत्र के तुलसीवरन तालाब के पास गोली मारकर घायल कर दिया गया है। उसे सिर में गोली मारी गई है। कटोरिया पुलिस ने उसका ऑटो भी घटनास्थल से बरामद किया है। कटोरिया पुलिस द्वारा घायल अवस्था में उसे इलाज के लिए पहले स्थानीय सरकारी अस्पताल ले जाया गया। जहां से उसे देर रात को देवघर सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। देर रात को देवघर सदर अस्पताल में ड्यूटी कर रहे डॉक्टर के द्वारा उसे देखने के बाद बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। इधर बताया जाता है कि उसकी स्थिति नाजुक बनी हुई है।

आरके मिशन में करता था टेलीफोन

गोली लगने से गंभीर रूप से घायल हुए चांदन थाना क्षेत्र के गोविंदपुर निवासी मुन्ना कुमार यादव पिछले 15-17 साल से आरके मिशन देवघर में काम कर रहा था।

## बीपीएससी की परीक्षा रद्द कराने के लिए समर्थकों के साथ रेल पटरी पर उतरे पप्पू यादव, रोकी ट्रेन

गांधी मैदान में भूख हड़ताल पर डटे प्रशांत किशोर





एजेंसी


**पटना ।** बिहार पब्लिक सर्विस कमीशन (बीपीएससी) की 70वीं प्रारम्भिक परीक्षा को दुबारा कराने की मांग को लेकर अंदोलनरत अभ्यर्थियों के समर्थन में बिहार के पूर्णिया लोकसभा क्षेत्र से सांसद राजेश रंजन उर्फ ??पप्पू यादव ने समर्थकों के साथ शुक्रवार को स्टेशन पर रेल रोककर प्रदर्शन किया। शुक्रवार सुबह करीब नौ बजे सचिवालय हॉल्ट स्टेशन पर प्रदर्शनकारियों ने बक्सर-फतुहा पैसेंजर ट्रेन रोक दी।

दूसरी ओर, जन सुराज के संस्थापक प्रशांत किशोर ने 13 दिसंबर को बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) की 70वीं संयुक्त प्रतियोगी परीक्षा (सीसीई) को रद्द करने की मांग को लेकर गुरुवार से गांधी मैदान में भूख हड़ताल शुरू की है। प्रशांत किशोर बीते दो सप्ताह से आंदोलन कर रहे छात्रों के साथ गर्दनीबाग से कुछ किलोमीटर दूर गांधी मैदान में अनशन पर बैठे हैं।

## साहिबगंज : बंद घर से लाखों की चोरी

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

**साहिबगंज।** जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र अंतर्गत गोड़ाबाड़ी वाली हटिया के समीप स्थित एक मकान में चोरों ने भीषण चोरी की वारदात को अंजाम दिया। इसका पता तब चला जब मकान मालिक कोलकाता से गुरुवार की रात घर पहुंचे। दरअसल संत जेवियर स्कूल के शिक्षक पुण्य गौरव अपनी मां व छोटे भाई के साथ 25 दिसंबर को कोलकाता गए थे। गुरुवार की रात लगभग 9ः30 बजे जब वापस घर पहुंचे तो मेन गेट में लगा दो ताला अलग हटा कर रखा था। उसके पहले गैलेरी का गेट और उसमें ताला लगा हुआ था। पुण्य गौरव ने बताया कि जब अंदर गए तो 4 कमरों का ताला टूटा हुआ था। एक कमरे को छोड़ कर साथ लगे कमरे व आंगन में रखे दो अलमीरा से सोना, चांदी के जेवरात, डेढ़ लाख कैश व चुकड़ी में रखा 20-30 हजार,



टेबल पर रखा 2 लैपटॉप, एक टेबलेट व अन्य सामान की चोरी कर ली। वहीं प्रथम तल्ला पर रहने वाली कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय की शिक्षक यूपी निवासी रीना उपाध्याय व डिंपल के कमरों एवं दूसरे तल्ला पर रहने वाली भाड़ेदार रांची की वीणा के कमरों में भी चोरी हुई। पुण्य गौरव ने बताया कि भाड़ेदारों के कमरों का ताला भी टूटा हुआ था। पुलिस के आने के बाद उनके घर में भी चोरी का पता चला। उन्होंने बताया कि प्रथम तल्ला में यूपी की रीना उपाध्याय व रांची की डिंपल साथ में रहती थीं। दोनों 22 दिसंबर को घर चली गई थीं। वहीं रांची की वीणा 23 दिसंबर को घर गयी थीं। इधर सूचना मिलते ही जिरवाबाड़ी थाना प्रभारी पंकज दूबे, नगर इंस्पेक्टर अमित गुप्ता ने दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंच मामले की जांच पड़ताल की।

## सीएम से मंत्री, सांसद, विधायक और अधिकारियों ने की मुलाकात



**रांची ।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से शुक्रवार को मंत्री, सांसद, विधायक, आईएएस और आईपीएस सहित अन्य ने मुलाकात की। सभी ने मु यमंत्री को नव वर्ष की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। मु यमंत्री ने भी सभी को नूतन वर्ष की शुभकामनाएं दी। मुलाकात करने वालों में मंत्री दीपक बिरुवा, मंत्री दीपिका पांडेय, मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की, राजमहल सांसद विजय हांसदा, लोहरदगा सांसद सुखदेव भगत, खूंटी सांसद कालीचरण मुंडा, बेरमो विधायक जयमंगल सिंह, चंदनकियारी विधायक उमाकांत रजक, कांके विधायक सुरेश बैठा, पूर्व मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर एवं कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर शामिल थे। दूसरी ओर, मु यमंत्री से मु यमंत्री आवासीय कार्यालय में प्रधान सचिव सुनील कुमार, अपर पुलिस महानिदेशक आरके मलिक, सचिव मनीष रंजन, सचिव अबु बकर सिद्दीक, आईजी पंकज कंबोज, श्रम आयुक्त संजीव कुमार बेसरा, निदेशक रेवेन्यू भोर सिंह यादव, निदेशक उच्च शिक्षा रामनिवास यादव, निदेशक पर्यटन अंजली यादव एवं निदेशक उद्योग सुशांत गौरव ने मुलाकात कर नव वर्ष की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। मु यमंत्री ने भी सभी को नूतन वर्ष की शुभकामनाएं दी। इसी प्रकार मु यमंत्री से खिजरी विधायक राजेश कच्छप, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय एवं पूर्व मंत्री बेबी देवी ने भेंट कर नव वर्ष की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। मु यमंत्री ने भी सभी को नूतन वर्ष की शुभकामनाएं दी।

## हजारीबाग कोयला खदान में डोजर पुश माइनिंग तकनीक से जल्द शुरू होगा खनन

**हजारीबाग ।** राष्ट्रीय वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर) एवं केंद्रीय खनन तथा ईंधन अनुसंधान संस्थान (सीआईएमएफआर) के मार्गदर्शन में भारतीय खनन उद्योग में एक अभूतपूर्व विकास हुआ है। देश में पहली बार डिजिटल तकनीक पर आधारित डोजर पुश माइनिंग तकनीक का परीक्षण सफलतापूर्वक किया गया है। अदाणी नेचुरल रिसोर्सेस को झारखंड के हजारीबाग स्थित बड़कागांव में गोंडुलपारा कोयला खदान आवंटित है, जहां इस तकनीक से जल्द ही खनन कार्य शुरू होने की उम्मीद है। खनन क्षेत्र में अग्रणी निजी कंपनी अदाणी नेचुरल रिसोर्सेज ने परसा ईस्ट केते बासेन (पीईकेबी) खदान में इस तकनीक का सफलतापूर्वक परीक्षण बीते सप्ताह किया। यह परीक्षण खनन तकनीक में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है,

## पिंक सिटी बस का परिचालन प्रारंभ, महिला-पुरुष कर सकेंगे सफर

**पलामू ।** जिला मुख्यालय मेदिनीनगर शहरवासियों को शुक्रवार को बड़ी सौगात प्रदान की गयी है। शहरवासियों के आवागमन के लिए चार पिंक सिटी बसों का परिचालन शुक्रवार से शुरू हो गया। नगर निगम कार्यालय में नगर आयुक्त जावेद हुसैन ने सभी बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। नगर निगम क्षेत्र की सीमा में चलाये जाने वाली पिंक सिटी बस में महिला और पुरुष दोनों सफर कर सकेंगे। इस संबंध में नगर आयुक्त ने बताया कि शहरवासियों को को ध्यान में रखते हुए पिंक सिटी बस का परिचालन शुरू किया गया है। इसमें जीपीएस और मोबाइल चार्ज करने के लिए स्लॉट भी लगाया गया है। उन्होंने बताया कि पिंक सिटी बस छह मुहान से चियांकि, छह मुहान से निमियां भाया चैनपुर, छहमुहान से पोखराहा-रजवाडीह, छहमुहान से बिस्फुटा होते हुए पाटन मोड़ तक प्रतिदिन चलायी जायेगी। परिचालन सुबह सात बजे से शाम पांच बजे तक होगा। इस अवसर पर निगम के सिटी मैनेजर सहित कई कर्मी मौजूद थे।

## नव विवाहिता का फंदे से लटका मिला शव, पति, सास-ससुर गिरफ्तार

**पलामू ।** जिला मुख्यालय मेदिनीनगर शहर थाना क्षेत्र के बैरिया में शुक्रवार को एक नवविवाहिता की हत्या कर दी गयी। महिला आठ माह की गर्भवती थी। घटना के बाद कार्रवाई करते हुए पुलिस ने मृतका के पति, सास-ससुर को गिरफ्तार कर लिया है। अन्य आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए कार्रवाई की जा रही है। मृतका की पहचान बैरिया निवासी प्रिया दुबे (28) पति मणिकांत तिवारी के रूप में हुई है। एमआरएमसीएच में महिला के शव का पोस्टमार्टम किया गया। जानकारी के अनुसार प्रिया की शादी 21 अप्रैल 2024 को हुई थी। मायके पक्ष के लोगों का कहना है कि गुरुवार रात 8 बजे सूचना मिली कि प्रिया दुबे के साथ उसके ससुराल पक्ष के लोगों का विवाद हुआ है। बैरिया पहुंचे तो घर पर हंगामा हो रहा था। प्रिया को घर (मायके) ले जाना चाहते थे, लेकिन उसके ससुराल वाले लिखित देकर परमानेंट भेजने की बात कह रहे थे। थाना जाकर लिखित देने की बात कहने पर कोई तैयार नहीं हुआ। इस बीच शुक्रवार तड़के तीन बजे तक किसी तरह समझा कर मायके पक्ष के लोग लौट गए। शुक्रवार सुबह 9 बजे सूचना दी गई की प्रिया के साथ घटना हो गई है। घर पर जाकर पुनः देखा तो प्रिया का शव साड़ी के सहारे फंदे पर लटकी हुई थी। मायके पक्ष के लोगों ने बताया कि प्रिया की शादी के बाद से उसे दहेज के लिए प्रताड़ित किया जा रहा था।

## रांची में यात्रियों से मोबाईल और पैसे लूटने वाले गिरोह के दो बदमाश गिरफ्तार

**रांची ।** शहर की चुटिया थाना पुलिस ने साउथ रेलवे गेट के बाहर प्लेटफार्म नंबर पांच के सामने से यात्रियों के मोबाईल और पैसे लूटने वाले गिरोह के दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से चार स्मार्ट मोबाईल, एक स्कूटी (जेए 0 ईडब्ल्यू-7427) और 510 रुपये नकद बरामद किया गया है। थाना प्रभारी लक्ष्मीकांत ने शुक्रवार को बताया कि दो जनवरी की रात रांची की आरपीएफ थाने ने सूचना दी कि रेलवे यात्रियों से मोबाईल एवं पैसे की लूट की घटना का अंजाम दिया गया है। घटना की सूचना तुरंत वरीय पुलिस अधीक्षक को दिया गया। इसके बाद पुलिस अधीक्षक नगर और पुलिस उपाधीक्षक नगर के निर्देशन में गठित टीम ने आरपीएफ थाने के सहयोग से त्वरित कार्रवाई करते हुए घटना में शामिल दो अपराधियों को पकड़ा। गिरफ्तार अपराधियों में रोशन महतो और प्रीतम ठाकुर शामिल हैं। इनके पास से लूटा गया सामान भी बरामद किया गया। उन्होंने बताया कि फरार एक अपराधी की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है, उसकी पहचान कर ली गई है।

# झारखंड के 82 हजार से अधिक युवाओं का एबीवीपी से जुड़ाव ऊर्जा और समर्पण का प्रतीक : राज्यपाल

संवाददाता

**धनबाद ।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने कहा है कि झारखंड के 82 हजार से अधिक युवाओं का एबीवीपी से जुड़ाव, यह संख्या मात्र आंकड़ा नहीं, बल्कि राज्य के युवाओं की ऊर्जा और समर्पण का प्रतीक है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के क्रियान्वयन और झारखंड को शिक्षा, रोजगार, खेल, नवाचार तथा सांस्कृतिक विकास के क्षेत्र में अग्रणी बनाने के लिए योगदान दें।




राज्यपाल शुक्रवार को धनबाद के केके पॉलिटेक्निक कॉलेज में आयोजित अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) झारखंड के तीन दिवसीय रजत जयंती प्रदेश अधिवेशन में बोल रहे थे। उन्होंने अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की 75 वर्षों की गौरवशाली यात्रा की सराहना करते हुए कहा कि यह संगठन न केवल राष्ट्रभक्ति का संदेश देता है, बल्कि युवाओं को उनकी सकारात्मक ऊर्जा के लिए एक दिशा प्रदान करता है।

राज्यपाल ने कहा कि अधिवेशन का यह आयोजन कई ऐतिहासिक संदर्भों से प्रेरणादायी है। भगवान धरती आबा बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती, लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती तथा एबीवीपी के शिल्पकार प्राध्यापक यशवंत राव केलकर के शताब्दी वर्ष के दौरान यह अधिवेशन झारखंड के युवाओं को नई ऊर्जा और संकल्प का संदेश देता है। राज्यपाल ने झारखंड की स्थापना के रजत वर्ष का उल्लेख करते हुए भारत रत्न एवं भूतपूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के झारखंड राज्य निर्माण में योगदान को स्मरण किया। उन्होंने कहा कि राज्य गठन संबंधी विधेयक संसद में लाया गया था तो वे अटल की सरकार में मंत्रिपरिषद के सदस्य थे और लोकसभा सदस्य के रूप में उन्होंने राज्य के गठन के पक्ष में मत दिया था। राज्यपाल ने स्वामी विवेकानंद के विचार उठो, जागो और तब तक न रुको जब तक लक्ष्य प्राप्त न हो जाये का उल्लेख करते हुए युवाओं को निरंतर प्रयास और समर्पण का महत्व समझाया। साथ ही सभी युवाओं से आह्वान किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत और विकसित भारत 2047 के विजन को साकार करने में अपनी भूमिका निभायें। अधिवेशन में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की राष्ट्रीय मंत्री क्षमा शर्मा ने कहा कि देश में कहीं भी जब छात्र हित का हनन होता है तो छात्र समुदाय उम्मीद भरी नजरों से विद्यार्थी परिषद की ओर देखता है। उन्होंने कहा कि आज के वर्तमान दौर में छात्राओं को सशक्त करने के लिए और बंगाल में जिस प्रकार की असामाजिक घटनाएं लगातार बढ़ रही है उसको देखते हुए छात्राओं को मिशन साहसी के माध्यम से आत्मरक्षा के शिक्षा दी ।

## यात्री बस और ट्रक की टक्कर में एक की मौत, 15 से अधिक यात्री घायल



संवाददाता

**पलामू ।** नेशनल हाईवे 39 डालटनगंज -रांची मुख्य पथ पर पलामू जिले के सतबरवा थाना क्षेत्र के कसियाडीह बकोरिया के पास शुक्रवार सुबह एक यात्री बस और ट्रक में भीषण टक्कर हो गई। हादसे में एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 15 से अधिक यात्री घायल हो गए। इनमें 7 की हालत नाजुक है। सभी घायलों को तुंबागड़ा अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज जारी है। बस का नाम जीपीएस जो डालटनगंज से रांची की ओर जा रही थी। घटना के पीछे कोहरे के कारण दृश्यता कम होने की आशंका जताई जा रही है। घटनास्थल पर राहत और बचाव कार्य में पुलिस प्रशासन और स्थानीय ग्रामीण जुटे हुए हैं। प्रशासन ने घटना की जांच शुरू कर दी है। मृतक की पहचान नहीं हो पाई है। घायलों की भी पहचान की जा रही है।

## कैमरून में फंसे झारखंड के 27 श्रमिक वापस लौटे, बाकी बचे श्रमिक आज लाए जाएंगे



**रांची ।** कैमरून में फंसे झारखंड के 27 श्रमिकों की सुरक्षित घर वापसी हो गई है। ये श्रमिक गुरुवार को रांची लौटे हैं, जबकि बाकी 9 श्रमिकों को आज शुक्रवार 3 जनवरी को वापस लाया जाएगा। सरकार की ओर से इन श्रमिकों के 39 लाख, 77 हजार, 743 रुपये बकाया का भी भुगतान कर दिया गया है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देश पर झारखंड सरकार ने इस मामले में सक्रियता दिखाते हुए श्रमिकों को घर लाने का प्रयास किया था। इससे पहले 11 श्रमिकों को वापस लाया जा चुका था, और बाकी के श्रमिक शुक्रवार तक रांची पहुंच जाएंगे। जानकारी अनुसार उक्त मामला मुंबई स्थित एक कंपनी और कुछ बिचौलियों से जुड़ा हुआ है, जिनके खिलाफ झारखंड सरकार ने अफ्रीकी देश कैमरून में फंसे श्रमिकों के वेतन का भुगतान न करने के आरोप में प्राथमिकी दर्ज की है। मुख्यमंत्री सचिवालय ने इस पूरे ऑपरेशन के सफल समापन की जानकारी दी और श्रमिकों के लिए सरकार की मदद को सुनिश्चित किया है।

# मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के राज्यस्तरीय समारोह की तैयारियाँ जोरों पर

### पूरे राज्य से 3-4 लाख महिलाएं होंगी कार्यक्रम में शामिल

संवाददाता

**रांची ।** 06 जनवरी 2025 को झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के राज्यस्तरीय समारोह की तैयारियाँ जोरों पर हैं। आर्मी ग्राउंड, खोजाटोली, नामकुम में ज़िला प्रशासन द्वारा वृहत स्तर पर कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें राज्यभर से लाखों महिलाएं शामिल होंगी। माननीय मुख्यमंत्री लाभुकों के खाते में भेजेंगे सम्मान राशि मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के राज्यस्तरीय समारोह में माननीय मुख्यमंत्री लाभुकों के खाते में योजना की बढ़ी हुई सम्मान राशि 2500 रुपये भेजेंगे। कई लाभुकों के खाते में योजना अंतर्गत बढ़ी हुई




सम्मान राशि भेजी जा चुकी है, बचे हुए सभी लाभुकों के खाते में 06 जनवरी को डीबीटी के माध्यम से सम्मान राशि ट्रांसफर की जाएगी।

पूरे राज्य से 3-4 लाख महिलाएं होंगी कार्यक्रम में शामिल झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के राज्यस्तरीय समारोह में पूरे राज्य से तीन से चार लाख महिलाएं शामिल होंगी। दूसरे जिलों से आने वाले लाभुकों के आवागमन, अल्पाहार, वाहनों की पार्किंग आदि व्यवस्था के लिए की जा रही तैयारियों पर उपायुक्त श्री मंजूनाथ भजन्त्री द्वारा बारीकी से नज़र रखी जा रही है। उन्होंने संबंधित पदाधिकारी को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं कि कार्यक्रम में शामिल होने वाली महिलाओं को किसी तरह की परेशानी ना हो।तैयारियों की लगातार मॉनिटरिंग कर रहे हैं उपायुक्त उपायुक्त, रांची श्री मंजूनाथ भजंत्री लगातार कार्यक्रम स्थल पर चल रही तैयारियों की मॉनिटरिंग कर रहे हैं । आयोजन स्थल पर की गई तैयारी का निरीक्षण करते हुए उन्होंने सफल आयोजन के लिए सभी तैयारियां तय समय में पूरी करने के निर्देश दिए हैं।

**लोक कलाकार नृत्य-संगीत की देंगे प्रस्तुति**

झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के राज्यस्तरीय समारोह में लोक कलाकार अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे। कलाकारों द्वारा गीत-नृत्य प्रस्तुत किया जाएगा। एक ओर जहां आधुनिक नागपुरी गायक पवन राय, कुड़ुख गायक सुरेंद्र कुजूर और सादरी गायक इग्नेश कुमार अपनी गायकी का प्रदर्शन करेंगे तो वहीं दूसरी ओर झारखंड के पारंपरिक नृत्यों जैसे पाइका, छऊ आदि का भी कलाकारों द्वारा प्रदर्शन किया जाएगा।

## पीएलएफआइ के तीन नक्सली गिरफ्तार



**खूंटी ।** कर्रा, तोरपा, कमडारा जरियागढ़ आदि थानों में पुलिस के लिए परेशानी का सबब बन चुके प्रतिबंधित नक्सली संगठन पीएलएफआइ के तीन सक्रिय नक्सलियों को पुलिस ने गुरुवार को जरियागढ़ थाना के बकसपुर जंगल से गिरफ्तार कर लिया। है। गिरफ्तार नक्सलियों में कुख्यात नक्सली प्रशांत कुमार उर्फ डब्लू, कमलेश गोप उर्फ लंबू और राम दयाल सिंह शामिल है। पकड़े गये नक्सलियों के पास से एक देसी कट्टा, दो जिंदा कारतूस, पीएलएफआइ के 14 पर्चे और चार मोबाइल बरामद किये गये हैं। यह जानकारी तोरपा के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ख्रिस्टोफर केरकेट्टा ने शुक्रवार को अपने कार्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी। बताया गया कि प्रशांत कामडारा थाना क्षेत्र के कुली गांव का रहनेवाला है, जबकि कमलेश गोप बकसपुर किनुटोली और राम दयाल सिंह बड़का रेगरे गांव का रहने वाला है। उन्होंने बताया कि प्रशांत एक साल तक जेल में रहने के बाद हाल में जमानत पर बाहर निकला है और नक्सली गतिविधियों में संलिप्त हो गया। एसडीपीओ ने बताया कि पुलिस अधीक्षक अमन कुमार को गुप्त सूचना मिली थी कि पीएलएफआइ के कुछ नक्सली किसी घटना को अंजाम देने की फिराक में हैं और बकसपुर जंगल में जमा हैं। सूचना के आलोक में एसडीपीओ के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन कर जंगल में छापामारी की गई और तीनों नक्सलियों को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस टीम में एसडीपीओ के अलावा पुलिस निरीक्षक अशोक कुमार सिंह, जरियागढ़ के थाना प्रभारी राजू कुमार, रनिया के थाना प्रभारी विकास कुमार जयसवाल, कमडारा के थाना प्रभारी शशि कुमार, कमडारा थाना के एसआई नीरज कुमार, जरियागढ़ थाना के एसआई मनीष कुमार के अलावा सशस्त्र बल शामिल थे।

## गिरिडीह के कमल ज्वेलर्स से नकद सहित लाखों की जेवरात चोरी



**गिरिडीह ।** मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के सिहाडीह में स्थित कमल ज्वेलर्स में बाते रात अपराधियों ने दुकान का शटर तोड़कर करीब दो लाख नकद सहित 15 लाख के सोने - चांदी के जेवरातों की चोरी की घटना को अंजाम दिया । शुक्रवार दोपहर जब कमल ज्वेलर्स दुकान के मालिक मनोज स्वर्णकार के बेटे सतीश स्वर्णकार दुकान खोलने पहुंचे तो देखा दुकान का शटर पूरी तरह से डेमेज है। नीचे के हिस्से को तोड़कर अपराधी दुकान के भीतर घुसे और दुकान में रखा हुआ भारी भरकम आयरन चेस्ट गिरा दिया। दुकानदार मनोज स्वर्णकार और सतीश स्वर्णकार के अनुसार तिजोरी तोड़कर उसमें रखे करीब 13 -14 लाख रुपये की बेशकीमती सोने और चांदी के जेवरों की चोरी की है। जेवरों से भारी भरकम तिजोरी जमीन में गिराना एक दो लोगों के लिए संभव नहीं है। कई अपराधियों के जरिये घटना को अंजाम दिए जाने की बात दुकानदार के जरिये कही गयी । इसके अलावा दुकान के गल्ले में रखा करीब दो लाख नकद राशि भी चोर ले गये ।

## मंत्री शिल्पी नेहा ने चान्हो में बैंक की कम शाखाओं पर जताई चिंता

**रांची संवाददाता ।** कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने क्षेत्र भ्रमण के दौरान शुक्रवार को चान्हो में बैंक की कम शाखाओं पर चिंता जाहिर की। मंत्री ने पंजाब नेशनल बैंक में क्षेत्र के लोगों को आ रही परेशानियों को लेकर बैठक की। साथ ही राज्य सरकार के जरिये किसानों के लिए चलाई जा रही दो लाख रुपये तक की ऋण माफी योजना में आ रही अड़चनों को लेकर बैंक अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए। किसानों को सबसे ज्यादा परेशानी केवाईसी को लेकर हो रही है। केवाईसी नहीं होने से क्षेत्र के लोग सरकार की योजना का समय पर लाभ नहीं उठा पा रहे हैं। मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने इस दौरान बैंक की शाखाओं में कैसे इजाफा हो इस पर भी बैंक अधिकारियों के साथ चर्चा की।

## सांसद ने मुख्यमंत्री से की मुलकात, सौंपा मांग पत्र



**खूंटी ।** खूंटी के सांसद कालीचरण मुंडा ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से उनके आवास पर मुलाकात। सांसद ने सीएम को गुलदस्ता सौंपते हुए नववर्ष की शुभकामनाएं दी। कालीचरण मुंडा ने हेमंत सोरेन पर विश्वास जताते हुए कहा कि मुझे पूरा भरोसा है कि आपके नेतृत्व में झारखंड तरक्की की बुलंदियों को छू लेगा। राज्य के विकास और सफलता के कई आयाम सरकार के पांच वर्षों के कार्यकाल में लिखे जाएंगे। सांसद ने मुख्यमंत्री से खूंटी लोकसभा क्षेत्र के तमाड़ और खरसांवा विधानसभा क्षेत्र के पिछड़े इलाकों की समस्याओं को लेकर चर्चा की। सांसद ने मुख्यमंत्री से कहा कि इन दोनो विधानसभा क्षेत्रों के पिछड़े इलाकों का विकास पर अत्यंत जरूरी है। मुख्यमंत्री ने सांसद को भरोसा दिया कि पिछड़े इलाकों के विकास को प्राथमिकता दी जाएगी।

## एसपी रणधीर वर्मा के 34वें शहादत दिवस पर धनबाद पहुंचे राज्यपाल

**धनबाद ।** एसपी रणधीर प्रसाद वर्मा को उनके 34वें शहादत दिवस पर हर साल की तरह इस वर्ष भी शुक्रवार को धनबाद के रणधीर वर्मा चौक पर उनके आदमकद प्रतिमा के सामने एक विशेष कार्यक्रम कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। जिसमें मुख्य रूप से झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार मौजूद रहे। इस श्रद्धांजलि सभा में राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश, धनबाद सांसद ढुलू महतो, विधायक राज सिन्हा, विधायक रागिनी सिंह और बाघमारा विधायक शत्रुघ्न महतो भी श्रद्धासुमन अर्पित कर शहीद रणधीर वर्मा को श्रद्धांजलि दी। मौके पर पूर्व मंत्री सह शहीद रणधीर वर्मा की पत्नी प्रो. रीता वर्मा उपस्थित थी। वहीं, इस श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए राज्यपाल संतोष गंगवार ने कहा कि हम ललोगों की उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि यही होगी कि जिस देश को बचाने के लिए उन्होंने अपनी प्राणों की आहुति दी, उस देश को कैसे आगे बढ़ाया जा सके। इसपर हमे विचार और कार्य करने की जरूरत है। साथ ही उनके आदर्शो से प्रेरणा लेकर राष्ट्र हित मे कार्य करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि झारखंड का गौरवपूर्ण इतिहास कही से भी बाकी अन्य राज्यों से कम नही है। देश की आजादी की लड़ाई हो या देश के दुश्मनों से लोहा लेने की बात झारखंड हमेशा ही इसमे अपनी अग्रणी भूमिका निभाता रहा है।

## एसबीयू में झारखंड स्टेट रैपिड शतरंज प्रतियोगिता का शुभारंभ



**रांची।** संताल एक्सप्रेस। शुक्रवार को सरला बिरला यूनिवर्सिटी के प्रांगण में चौथा झारखंड स्टेट रैपिड शतरंज प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि सरला बिरला यूनिवर्सिटी के डायरेक्टर जनरल प्रो डॉ गोपाल पाठक, विशेष अतिथि वाइस चांसलर एस बी डांडिल एवं रजिस्ट्रार विजय कुमार सिंह के द्वारा किया गया। समारोह में ऑल झारखंड चेस एसोसिएशन के उपाध्यक्ष विजय कुमार सिंह, रांची जिला शतरंज संघ के सचिव नवजोत अलंग, कोषाध्यक्ष सतीश कुमार, संयुक्त सचिव एवं टुर्नामेन्ट के मुख्य निर्णायक दीपक कुमार, टाटा स्टील के खेल प्रमुख विभूति अद्रेसा, सिन्गो मुर्मू, को-ऑर्डिनेटर प्रभात रंजन कुमार उपस्थित थे। यह टूर्नामेंट 8 चक्रों में खेला जाएगा। इसके बाद आठ चक्रों का ब्लिट्ज टूर्नामेंट खेला जाएगा जो दिनांक 4 से 5 जनवरी तक चलेगा। इस टूर्नामेंट में झारखंड के 17 जिलों के 231 प्लेयर भाग ले रहे हैं।

## डीआईजी में प्रोन्नत हुए चंदन सिन्हा को डीजीपी ने बैज लगाकर किया सम्मानित

**रांची ।** डीआईजी में प्रोन्नत हुए चंदन सिन्हा को डीजीपी अनुराग गुप्ता ने बैच लगाकर शुक्रवार को सम्मानित किया है। झारखंड पुलिस मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान डीजीपी ने बैज लगाकर सम्मानित किया। उल्लेखनीय है कि 31 दिसंबर, 2024 को सरकार ने रांची एसएसपी के पद पर पदस्थापित चन्दन कुमार सिन्हा को डीआईजी रैंक में प्रोन्नति प्रदान करते हुए एसएसपी रांची के पद को डीआईजी में उत्क्रमित करते हुए उन्हें उस पद पर पदस्थापित किया गया है।

## कोडरमा में 71 पोषण सखी को मिला नियुक्ति पत्र, सखियों में खुशी

**कोडरमा ।** जिले के सतगावां प्रखंड शुक्रवार को प्रखंड बाल विकास परियोजना कार्यालय में पोषण सखियों के बीच 20 सूत्री अध्यक्ष विजय सिंह, जिप सदस्य नीतू कुमारी, प्रमुख ललिता देवी, प्रखंड विकास पदाधिकारी ओमप्रकाश बड़ाइक, उप प्रमुख मनोज कुमार निराला की उपस्थिति में पुनर्बहाली नियुक्ति पत्र वितरण किया गया। प्रखंड क्षेत्र में कुल 88 में से 71 पोषण सखी को पुनर्बहाली नियुक्ति पत्र वितरण किया गया। नियुक्ति पत्र पाकर प्रखंड के पोषण सखी ने बाल विकास परियोजना पदाधिकारी को धन्यवाद देते हुए खुशी जाहिर की।उन्होंने सभी पोषण सखी बहनों से अपील करते हुए कहा कि आपको जो जिम्मेदारी दी गई है उसे ईमानदारी और निष्ठा के साथ निभाये। मौके पर प्रमुख प्रतिनिधि रामावतार चौधरी, लिपिक भारत किशोर महतो, पोषण सखी इंदु कुमारी, सुलेखा कुमारी, पम्मी कुमारी, ललिता कुमारी, अनु कुमारी, रफत जहां, पिंकी कुमारी, पूजा कुमारी, कविता कुमारी, बिंदु कुमारी आदि मौजूद थीं।

## नकाबपोश अपराधियों ने व्यवसायी के घर से की लाखों की डकैती

**गिरिडीह ।** जिले के बिरनी थाना क्षेत्र में शुक्रवार की अहले सुबह करीब तीन बजे हथियार बंद अपराधियों ने व्यवसायी सुरेश मोदी के घर धावा बोलकर डकैती की घटना को अंजाम दिया। घटना बिरनी के बिराजपुर चौक के समीप रहने वाले सुरेश मोदी और राजेश मोदी के घर पर हुई। मोदी बंधुओ के अनुसार सात की संख्या में आए नकाबपोश अपराधियों ने घर में घुसते ही गृह स्वामी सुरेश और उनके दोनों बेटे राजेश समेत घर की महिलाओं को पिस्तौल और धारदार हथियार का भय दिखाकर सबों को अपने कब्जे में किया। इस दौरान अपराधियों ने घर के एक एक कमरे को खंगाला, अलग अलग स्टील अलमारियों में रखे करीब आठ लाख के जेवर के साथ दो लाख नगद रुपए लूट लिए। घटना को अंजाम देने के क्रम में अपराधियों ने सुरेश, राजेश और घर की महिलाओं के मोबाइल भी जब्त कर लिया। हालाकि सुरेश मोदी का छोटा बेटा अपने मोबाइल बचाने में सफल रहा। अपराधी इस दौरान करीब 20 मिनट तक सुरेश मोदी और राजेश मोदी के घर पर तांडव मचाते रहे। और घटना को अंजाम देकर फरार हो गये । घटना के बाद गृहस्वामी ने घर में हुए डकैती की जानकारी पड़ोसियों को दिया। सुरेश के छोटे बेटे के मोबाइल से घटना की जानकारी बिरनी थाना पुलिस और एसडीपीओ धनंजय राम को दिया गया। मामले की जानकारी मिलते ही एसडीपीओ धनंजय राम और अधिकारी बिराजपुर चौक पहुंचे और पिता पुत्र से घटना की पूरी जानकारी ली। घटना की जानकारी सुबह जब लोगो को मिला, तो काफी संख्या में पड़ोसी भी सुरेश मोदी के घर पहुंचे।इस बाबत बिरनी पुलिस ने कहा कि अपराधिक ठिकानों पर छापेमारी शुरु की गई है। जल्द ही अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# चार दुकानों में लगी आग में सब कुछ जलकर हुआ राख

**ललमटिया संवाददाता ।** बीते देर रात महागामा प्रखंड अंतर्गत ऊर्जानगर स्थित शिव मंदिर के समीप चार दुकानों में अचानक से आग लग गई जिससे दुकानदारों को भारी नुकसान हो गया। आग लगने के कारण दुकानों में रखी सब्जी, चाय-पान, सैलून और फल आदि सारा सामान जलकर राख हो गया। इस आगजनी से प्रभावित हुए दुकानदारों में जुगल मोदी, मनोज केशरी, बिट्टू ठाकुर और छोटू केशरी के नाम हैं। वहीं पीड़ित दुकानदारों ने बताया कि उन्हें रात के समय सूचना मिली कि उनकी दुकानों में आग लग गई है। सूचना मिलने के बाद वे तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे और आग पर काबू पाने की कोशिश की, लेकिन तब तक आग पूरी तरह से फैल चुकी थी और सब कुछ जलकर राख हो चुका था। स्थानीय ग्रामीणों ने दमकल गाड़ी को सूचना दी, लेकिन जब तक दमकल कर्मी मौके पर पहुंचे, तब तक आग ने भारी तबाही मचा दी थी। वहीं कुछ स्थानीय लोगों से मिली जानकारी के अनुसार दमकल ईसीएल द्वारा भेजी गई थी पर दमकल का आना विफल रहा। लोगों ने बताया कि दमकल से पाइप के द्वारा पानी डालने के बजाय बर्तन में पानी निकालकर लोग आग में डाल रहे थे क्योंकि पानी में फोर्स ही नहीं था और इस कारण समय पर आग पर काबू नहीं पाया जा सका और सब कुछ जल कर राख हो गया। बताया कि इस घटना से दुकानदारों को हजारों रुपये का नुकसान हुआ है। वहीं दुकानों में आग लगने का कारण अभी तक पता नहीं चल सका है। पीड़ितों ने बताया कि दुकानों में आग लगने से हमारे सामने भुखमरी की स्थिति उत्पन्न हो गई। वही पीड़ितों ने प्रशासन से मुआबजे की गुहार लगाई है।

## रामसीता विवाह प्रसंग पर भाव विभोर हुए श्रद्धालु



**गोड्डा ।** स्थानीय महिला कालेज परिसर में सरस श्रीराम कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। ज्ञान यज्ञ के छठे दिन कथावाचक वाचक पं. रविशंकर ठाकुर ने राम-सीता विवाह कथा प्रसंग पर प्रकाश डाला। राम-सीता सहित चारों भाईयों व बहनों की अद्भुत झांकी निकाली गई। फूलों की वर्षा होने लगी। पूरे यज्ञ परिसर महिला कालेज में मिथिला जैसा नजारा उत्पन्न हो गया। बाजा-गाजा के साथ बारातियों का प्रवेश होते ही उत्सवी माहौल हो गया। जयघोष के बीच राम-सीता विवाह की झांकी का दर्शन कर उपस्थित श्रोता अभिभूत हो गए। पारंपरिक विवाह गीतों की प्रस्तुति से सारा वातावरण भक्तिमय हो गया। सभी श्रोताओं ने जी भरकर भक्ति के सागर में गोता लगाया। कथा वाचक पं.रविशंकर ठाकुर ने कहा कि जिस तरह नदियां स्वयं जाकर समुद्र में मिल जाती है उसी प्रकार धर्मशील प्राणी के जीवन में धन-संपत्ति, ऋधि-सिद्धि स्वयं आ जाती है। इसके पूर्व उन्होंने स्वयंवर पर भी प्रकाश डाला। कहा कि धनुष यज्ञ के स्वयंवर में पिनाक को तोड़ देने पर सीता मैया ने ठाकुर के गले में जयमाल डाली। इसकी सूचना जनकपुर के दूत ने आकर चक्रवर्ती सम्राट महाराज दशरथ को दी। दूत ने कहा कि जिस कार्य को आजतक किसी ने किया है आज आपके पुत्र ने कर दिखाया है। अयोध्या में भी चहुंओर मंगल ही मंगल मनाया जाने लगा। कहा कि धनुष यज्ञ तीन मुनियों की रचना की थी। पिनाक के भंग होते ही भगवान परशुराम विचलित हो गए और धनुष यज्ञ स्थल पर पहुंच गए। इस दौरान भगवान परशुराम के साथ राम- लक्ष्मण संवाद पर भी प्रकाश डाला। कथा के दौरान विभिन्न पारंपरिक भक्ति गीतों को संगीत में पिरोकर की गई प्रस्तुति ने उपस्थित श्रद्धालुओं को भक्ति के सागर में गोता लगाने को विवश कर दिया। इसके सफल आयोजन को लेकर रामकथा समिति के सदस्य अहम भूमिका अदा कर रहे हैं।

## अंचलाधिकारी ने क्षेत्र में अलाव जलाने के लिए जलावन की कराई व्यवस्था



**महागामा ।** अचानक से बढ़ते ठंड और कनकनी को देखते हुए क्षेत्र में ग्रामीणों ने अलाव जलाने के लिए जिला प्रशासन से मांग की थी। तेजी से ठंड बढ़ जाने के कारण हनवारा क्षेत्र में ठंड का प्रकोप बढ़ गया है। हवा के साथ-साथ कनकनी भी बढ़ गई है। दिन में तापमान 16-18 डिग्री सेल्सियस रहता है तो रात में तापमान गिर कर 8-10 डिग्री तक पहुंच जाती है। ठिठुरते हुए ठंड से चलते मुसाफिर, गरीब-गुरवे तथा सवारी टेंपो का इंतजार करने वाले मुसाफिर का बुरा हाल हो रहा है। कड़ाके की ठंड से बचने के लिए लोग जुगाड़ लगा कर अलाव से आग ताप कर ठंड के प्रकोप से बचने की फिराक में लग गए हैं। लोगों का कहना है कि सरकारी स्तर पर चौक-चौराहे पर अलाव की व्यवस्था नहीं की गई है। अलाव की व्यवस्था नहीं होने से स्थानीय बाजार सहित चौक-चौराहे पर राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सबसे ज्यादा परेशानी मजदूरी करने वाले लोगों के बीच देखा गया। वे लोग बार- बार खर-पतवार जला कर ठंड से बचाव कर रहे थे। दो दिन से ठंड इतनी बढ़ गयी है कि लोग इससे बचाव करने को लेकर तरह-तरह के हथकंडे अपना रहे हैं, पर राहत नहीं मिल रही है। वहीं क्षेत्र के लोगों ने जिला प्रशासन से हनवारा चौक, शहजादपुर चौक, नरैनी चौक, गाड़ी स्टैंड आदि चौक चौराहों सहित अन्य जगहों पर अलाव जलाने की मांग की थी। जिसको लेकर महागामा अंचल अधिकारी के द्वारा अलाव के लिए लकड़ी की व्यवस्था कराई गई है जिसको लेकर ग्रामीणों में एक अलग ही खुशी की लहर है।

# ई-कॉमर्स कंपनी के नाम पर टारगेट करने वाले गैंग का खुलासा, 16 मोबाइल के साथ दो अपराधी गिरफ्तार

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**जामताड़ा ।** पुलिस ने साइबर अपराधियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए दो अपराधियों को गिरफ्तार किया है। यह गिरफ्तारी पुलिस अधीक्षक डॉक्टर एहतेशाम वकारिब को मिली गुप्त सूचना के आधार पर की गई। गिरफ्तार आरोपियों में ताहिर अंसारी और मुजाहिद अंसारी शामिल हैं। पुलिस निरीक्षक बिहारी मरांडी के नेतृत्व में गठित टीम ने कर्माटांड़ थाना क्षेत्र के नवाडीह और सुंदरजोरी गांव से इन दोनों अपराधियों को पकड़ा है। इस घटना का खुलासा करते हुए जामताड़ा के प्रशिक्षु पुलिस उपाधीक्षक चंद्रशेखर ने प्रेस वार्ता में बताया कि गिरफ्तार अपराधियों के खिलाफ साइबर अपराध थाना में कांड संख्या 1/25 दर्ज कर विभिन्न धाराओं में जेल भेजा जा रहा है।



गिरफ्तार आरोपियों के पास से 16 मोबाइल फोन, 28 सिम कार्ड और एक लैपटॉप भी बरामद किया गया है। ये अपराधी पश्चिम बंगाल, बिहार, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र और उड़ीसा के लोगों को टारगेट करते थे। आरोपियों द्वारा गूगल पर ई-कॉमर्स कंपनियों का कस्टमर केयर बनकर कॉल की जाती थी और मोबाइल स्क्रीन शेयरिंग एप्स जैसे एनी डेस्क और क्विक सपोर्ट के जरिए लोगों से ठगी करते थे।

## नौवीं पुण्यतिथि पर याद किए गए पूर्व विधायक रघुनंदन मंडल



**गोड्डा ।** नौवीं पुण्यतिथि पर श्रद्धा पूर्वक पूर्व विधायक रघुनंदन मंडल को याद किया गया। मुख्य कार्यक्रम उनके पैतृक गांव पथरगामा प्रखंड के कोरका ग्राम में शुक्रवार को आयोजित किया गया। स्वर्गीय मंडल के पुत्र पूर्व विधायक अमित कुमार मंडल समेत पारिवारिक जनों एवं भाजपा नेताओं ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।गोड्डा के पूर्व विधायक स्वर्गीय रघुनंदन मंडल के नौवीं पुण्यतिथि पर उनके प्रतिमा पर स्वर्गीय रघुनंदन मंडल की पत्नी कोरका? पंचायत की पूर्व मुखिया सुलोचना देवी उनके पुत्र पूर्व विधायक अमित मंडल, सुमित मंडल एवं पुत्रवधू शिवानी कुमारी ने स्वर्गीय रघुनंदन मंडल की नवी पुण्यतिथि पर बारी-बारी से उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर माल्यार्पण किया। परिजन के द्वारा माल्यार्पण करने के बाद पूर्व विधायक महागामा अशोक भगत, भाजपा के जिला अध्यक्ष संजीव मिश्रा, मुरारी चौबे, राजेश टेकरीवाल, पूर्व जिला अध्यक्ष राजेश झा, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष के अलावे काफी संख्या में भाजपा के कार्यकर्ता स्वर्गीय रघुनंदन मंडल की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।

## रोज एट रोड कार्यक्रम के तहत नगर में चलाया जा रहा सड़क सुरक्षा अभियान




**गोड्डा ।** नव वर्ष में 01 से 31 जनवरी तक जिले में चलाए जा रहे राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह- 2025 के तहत शुक्रवार को नगर थाना के समीप सड़क सुरक्षा अभियान कार्यक्रम चलाया गया। इस दौरान बिना हेलमेट पहने सभी वाहन चालकों एवं बिना सीट बेल्ट लगाए चार पहिया वाहन चालकों व सवार लोगों को गुलाब देकर हेलमेट पहनने और सीट बेल्ट लगा कर सफर करने का जिला परिवहन पदाधिकारी (डीटीओ) कंचन भुदोलिया के द्वारा आग्रह किया गया। वहीं नगर थाना प्रभारी दिनेश महली ने भी बिना हेलमेट पहने वाहन चालकों को रोक कर सख्त हिदायत देते हुए कहा कि बिना हेलमेट लगाए वाहन न चलाएं साथ ही चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट जरूर लगाएं। इस दौरान जिला परिवहन पदाधिकारी (डीटीओ) ने कहा कि कोई भी वाहन हो सभी वाहनों के वाहन चालक सड़क सुरक्षा नियमों और सावधानी का सदैव पालन करें। वाहन चालक हर समय सड़क पर अपना ध्यान केंद्रित रखें। वाहन चालक वाहन की सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए वाहन चलायें। चालक वाहन चलाते या खड़ी करते समय इस बात का ध्यान रखें कि अन्य लोगों को किसी प्रकार की असुविधा ना हो। वाहन चालक इस बात का ध्यान रखें कि यातायात के दौरान देखने और सुनने में किसी भी प्रकार की परेशानी न हो। चालक व यात्री वाहन में चढ़ते एवं उतरते समय खुद की व अन्य की सुरक्षा को ध्यान में रखें। चलते वाहन में किसी भी प्रकार की तकनीकी खराबी आने पर तुरंत वाहन को सड़क के किनारे ले जाएँ। चारपहिया वाहन चलाते समय और सफर के दौरान सीटबेल्ट का प्रयोग अवश्य करें। वहीं दो पहिया वाहन में वाहन चालक और यात्री दोनों आईएसआई मार्का वाले हेलमेट का प्रयोग करें। इस दौरान जिला परिवहन पदाधिकारी एवं नगर थाना प्रभारी के अलावा सहायक अवर निरीक्षक गौरव कुमार, नगर थाना गोड्डा, नगर थाना के पुलिस बल के साथ-साथ जिला परिवहन कार्यालय के अन्य अधिकारी व कर्मी मौजूद थे।

## राष्ट्रीय वनवासी क्रीड़ा फुटबॉल प्रतियोगिता में जिले के खिलाड़ियों ने लहराया परचम

**गोड्डा ।** अखिल भारती वनवासी कल्याण आश्रम द्वारा छत्तीसगढ़ के रायपुर में आयोजित राष्ट्रीय वनवासी क्रीड़ा फुटबॉल प्रतियोगिता जो छत्तीसगढ़ रायपुर में गोड्डा जिला के पोड़ैयाहाट प्रखंड के खिलाड़ियों ने फाइनल में केरल को हराकर अपना परचम लहराया। खिलाड़ियों के वापस लौटने पर जिला क्रीड़ा भारती द्वारा खिलाड़ियों का जिले के खिलाड़ियों एवं ग्रामीणों द्वारा शानदार स्वागत किया गया। मौके पर उपस्थित क्रीड़ा भारती जिला सचिव प्रदीप कुमार ठाकुर ने कहा खिलाड़ी को हर हाल पर आगे बढ़ाया जाएगा। मौके पर सरस्वती शिशु विद्या मंदिर पोड़ैयाहाट के प्रधानाचार्य गजाधर सिंह, राष्ट्रीय संघ के जिला संघचालक सुरेश कुमार, पोड़ैयाहाट खंड सह कार्यवाह सुनील भगत, सुशील टुडू, सामुएल टुडू, युवा मोर्चा जिला सोसल मीडिया प्रभारी, बिनोद भगत, बाबूराम सोरेन, बीमन शाह, राजीव भगत, डब्लू भगत एवं सुशील सोरेन गृह वनवासी परिषद् प्रांत अध्यक्ष और संगठन मंत्री सहित सैकड़ो ग्रामीण उपस्थित थे। उपरोक्त जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी बिमंत साह ने दी।

## सुंदर डैम के सौंदर्यीकरण को लेकर डीसी ने अधिकारियों एवं ग्रामीणों के साथ किया विमर्श



**गोड्डा ।** उपायुक्त जिशान कमर के द्वारा बोआरीजोर प्रखंड अंतर्गत सुंदर डैम के सौंदर्यीकरण और पर्यटन को बढ़ावा देने हेतु डैम का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सुंदर डैम में पार्क निर्माण, बाउंड्री वॉल, झूला, कनेक्टिंग ब्रिज, इको टूरिज्म विलेज, भवन निर्माण, पेयजल की व्यवस्था सहित अन्य प्रमुख बिंदुओं को लेकर संबंधित अधिकारियों, ग्रामीणों एवं जनप्रतिनिधियों के साथ विमर्श किया गया। इस दौरान वरीय पदाधिकारियों के द्वारा सुंदर डैम के इको टूरिज्म भवन एवं कैचमेंट एरिया का भ्रमण किया गया। डैम में किसी तरह का अतिक्रमण ना हो इसके लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निदेश दिए गए। इस दौरान उन्होंने पहाड़ी पर चढ़ कर सुंदर डैम के विभिन्न क्षेत्रों का जायजा लिया और बताया कि गोड्डा जिले में पर्यटन को बढ़ावा देने हेतु जिला प्रशासन प्रतिबद्ध है। यह पर्यटन के लिहाज से ऐसे स्थल पर अवस्थित है जहां पर झारखंड, बिहार, बंगाल एवं अन्य राज्यों के पर्यटक भी आते रहते हैं। सुंदर डैम के विकास होने से जहां एक ओर शैलानियों का आना जाना बढ़ेगा वहीं स्थानीय स्तर पर स्वरोजगार को प्रोत्साहन तथा बड़ी संख्या में रोजगार के साधन भी उत्पन्न होंगे। निरीक्षण के क्रम में डिविजनल फॉरेस्ट ऑफीसर पवन वाघ, अपर समाहर्ता प्रेमलता मुर्मू, अनुमंडल पदाधिकारी बैद्यनाथ उरांव, अनुमंडल पदाधिकारी महागामा, आलोक वरुण केसरी, उपनिर्वाचन पदाधिकारी पंकज कुमार, जिला आपूर्ति पदाधिकारी सह जिला नजारत उपसमाहर्ता श्रवण राम, प्रभारी विधि शाखा अभय कुमार झा, जिला परिवहन पदाधिकारी कंचन कुमारी भुदोलिया, जिला खेल पदाधिकारी डॉ0 प्राण महतो संबंधित प्रखंडों के प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचलाधिकारी सहित अन्य पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

## दिव्यांग जन कल्याण संघ की मासिक बैठक आयोजित



**गोड्डा ।** जिला मुख्यालय स्थित अशोक स्तम्भ पर शुक्रवार को दिव्यांग जन कल्याण संघ की मासिक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्य रूप से झारखंड विकलांग संघर्ष समिति के प्रदेश उपाध्यक्ष यशवंत वर्मा भी उपस्थित हुए और दिव्यागों से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। वहीं उन्होंने महिला सम्मान की तरह दिव्यांगों को भी पेंशन 1000 से बढाकर 3500 रुपए देने की बात कही। वहीं दिव्यांग जन कल्याण संघ के जिला अध्यक्ष राजेश साह ने कहा कि सभी दिव्यांगो को रोजगार एवं स्वरोजगार से जोड़ा जाए, बैकलॉग बहाली किया जाए, अडानी, ईसीएल में भी दिव्यांग जन को चार प्रतिशत आरक्षण सुनिश्चित किया जाए। दिव्यांग खिलाड़ियों को सीधी भर्ती किया जाए। दिव्यांगजन को सहायक उपकरण जैसे स्कूटी, टोटो, ट्रायसाइकिल, बैसाखी, व्हीलचेयर, ब्रेल, श्रवण यंत्र आदि दिया जाए। वहीं बताया कि दिव्यागों को करीब पांच महीने से बकाया पेंशन, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय पेंशन नहीं मिला है जिसका जल्द से जल्द भुगतान करने की मांग की गई। वहीं बैठक में उपस्थित सभी दिव्यागजनों ने गोड्डा उपायुक्त जिशान कमर को मांगों से संबंधित ज्ञापन देने का निर्णय लिया और बैठक को समाप्त की गई। वहीं बैठक में आए हुए अतिथियों का आभार व्यक्त किया। उक्त बैठक में अशोक कुमार, अनिता देवी, बसंती देवी, निरंजन कुमार, महेंद्र कुमार, संतोष कुमार, कालू कुमार, मुकेश कुमार सहित दर्जनों की संख्या में लोग उपस्थित हुए।

## कुशवाहा समाज ने मनाई माता सावित्रीबाई फुले की जयंती



**गोड्डा ।** अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा जिला कमिटी के तत्वावधान में शुक्रवार को कुशवाहा भवन गुलजार बाग में महासचिव सह कल्याणी पंचायत मुखिया कुशवाहा कुन्दन वैद्य की अध्यक्षता में माता सावित्रीबाई फुले की जयंती मनाई गई। मौके पर प्रदेश सचिव मनोज कुमार कुशवाहा, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य कुशवाहा अमरेन्द्र कुमार अमर, युवा अध्यक्ष कुशवाहा मनोज मंडल, युवा कार्यकारी अध्यक्ष कुशवाहा त्रिवेणी माल, कुशवाहा नारायण कापरी आदि दर्जनों समाज के लोगों ने माता सावित्रीबाई फुले को पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दिया। वहीं अमरेन्द्र कुमार कुशवाहा ने इनके विचारों को विस्तार से चर्चा करते हुए कुशवाहा समाज को इनके पद चिन्हों पर आगे आने का आग्रह किया। वहीं प्रदेश सचिव मनोज कुमार कुशवाहा ने माता सावित्रीबाई फुले जयंती पर विचार रखते हुए कहा आज से कुशवाहा समाज के सभी लोग अपने-अपने नाम के पहले कुशवाहा लगाने से इनकी सच्ची श्रद्धांजलि होगी। महासचिव कुशवाहा कुंदन वैद्य ने कहा कि माता सावित्रीबाई फुले जी ने आज समाज ही नहीं देश की पहली महिला शिक्षिका बन कर विश्व में शिक्षा का अलख जगाने का काम किया जिस बदौलत हमारे समाज महत्वपूर्ण स्थानों पर सेवा दे रहे हैं।

## सड़क सुरक्षा अभियान के तहत छात्रों ने किया जागरूकता अभियान



**चित्तरंजन।** चित्तरंजन देशबन्धु महाविद्यालय के एनएसएस विभाग द्वारा आयोजित एक दो दिवसीय सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के तहत छात्रों ने शहर के विभिन्न हिस्सों में जागरूकता अभियान चलाया। इस अभियान का उद्देश्य लोगों को सड़क सुरक्षा नियमों के बारे में जागरूक करना था। इस अभियान के दौरान, छात्रों ने शहर के विभिन्न हिस्सों में पोस्टर, बैनर और स्टिकर वितरित किए। उन्होंने लोगों को सड़क सुरक्षा नियमों के बारे में जानकारी दी और उन्हें सुरक्षित ड्राइविंग के महत्व के बारे में बताया। महाविद्यालय के प्राचार्य त्रिदिब संतपा कुंडू ने कहा सड़क सुरक्षा की पहली शिक्षा ही जागरूकता है, और इसी जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए हमारे छात्र शहर के विभिन्न हिस्सों में जागरूकता अभियान चला रहे हैं। इस अभियान में भाग लेने वाले छात्रों ने कहा, हमें लगता है कि यह अभियान बहुत जरूरी है, क्योंकि लोग अक्सर सड़क सुरक्षा नियमों का पालन नहीं करते हैं। हमें उम्मीद है कि इस अभियान से लोग जागरूक होंगे और सुरक्षित ड्राइविंग का पालन करेंगे। इस अभियान को आरपीएफ द्वारा समर्थित किया गया था। महाविद्यालय के एनएसएस विभाग ने इस अभियान को सफल बनाने के लिए कड़ी मेहनत की।

## अमलादही पंचायत में कम्युनिटी पुलिसिंग के तहत जन शिकायत समाधान कार्यक्रम



**कुंडहित (जामताड़ा) ।** शुक्रवार को कुंडहित थाना क्षेत्र के आमलादही पंचायत सचिवालय में पुलिस निरीक्षक मो फारुख के अध्यक्षता में सामुदायिक पुलिसिंग के तहत जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आमलादही पंचायत के विभिन्न गांव के ग्रामीण उपस्थित हुए। इस दौरान पुलिस निरीक्षक मो फारूख ने सामुदायिक पुलिसिंग जन शिकायत कार्यक्रम के तहत छोटा-मोटा शिकायतों पर आपसी समझौता के बाद समाप्त किया गया। जिसमे एक दो घरेलू मामला एंव जमीन विवाद संबंधित मामला सामने आया जिसका समाधान किया गया। मौके पर पुलिस निरीक्षक फारुख ने ग्रामीणों को जानकारी देते हुए बताया सामुदायिक पुलिसिंग को आम तौर पर एक कानून प्रवर्तन दर्शन के रूप में परिभाषित किया जाता है। जो अधिकारियों को उस क्षेत्र में रहने और काम करने वाले नागरिकों के साथ अच्छे संबंध बनाने के लिए लगातार काम करने की अनुमति देता है। यह सार्वजनिक सुरक्षा अधिकारियों को स्थानीय निवासियों के साथ जुड़ने और अपराध होने से रोकने की प्रचेष्टा करता है। किसी भी घटनाओं के होने के बाद उन पर प्रतिक्रिया पर एक दुसरे के साथ मिलजुल कर काम को निपटाना किया जाता है। उन्होंने उपस्थित ग्रामीणों को पुलिस पर भरोसा करने के बाद कही। कहा कि पुलिस आपके सुरक्षा एवं कानून की दृष्टि में हर समय तात्पर्य रहेगा। समय रहते हुए आप पुलिस के पास बेहिचक पहुंचकर अपने बात रख सकते हैं। मौके पर पुलिस निरीक्षक के अलावे एएसआई निताई दास, मुखिया बिनिता हेम्ब्रम, ग्रामीण बुद्धदेव मंडल सहित अन्य उपस्थित थे।

## सड़क सुरक्षा माह के तहत बिना हेलमेट बाइक सवारों को गुलाब फूल देकर किया गया जागरूक



**जामताड़ा ।** जिला परिवहन कार्यालय द्वारा सड़क सुरक्षा माह के अवसर पर एक जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। यह अभियान जामताड़ा के पुराना कोर्ट स्थित महिला कॉलेज के समीप चलाया गया, जहां पर ट्रैफिक इंस्पेक्टर रवींद्रनाथ यादव, सड़क सुरक्षा मैनेजर तौसीफ जालेली समेत अन्य पुलिसकर्मी मौजूद थे। इस अभियान में विशेष रूप से उन मोटरसाइकिल चालकों को गुलाब के फूल दिए गए जो बिना हेलमेट के गाड़ी चला रहे थे। इन चालकों को फूल देकर सड़क सुरक्षा के महत्व के बारे में जानकारी दी गई और चेतावनी दी गई कि यदि वे बिना हेलमेट के दोबारा गाड़ी चलाते हुए पकड़े गए तो उनके खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी। सड़क सुरक्षा माह के इस अभियान का उद्देश्य जामताड़ा जिले में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं को रोकना है, खासकर गोविंदपुर साहिबगंज नेशनल हाईवे पर जहां प्रतिदिन कई दुर्घटनाएं होती हैं। इन हादसों में अक्सर बाइक, चार पहिया वाहन, ट्रक और अन्य वाहन शामिल होते हैं, जिनमें कई बार मासूमों की जान भी चली जाती है। सड़क सुरक्षा मैनेजर तौसीफ जालेली ने बताया कि यह अभियान हेलमेट पहनने के महत्व को बढ़ावा देने के लिए चलाया जा रहा है और बिना हेलमेट के पकड़े जाने पर चालान काटने के साथ-साथ आवश्यक कानूनी कार्यवाही भी की जाएगी।

## उत्क्रमित मध्य विद्यालय के शिक्षक को विदाई समारोह में सम्मानित किया गया



**जामताड़ा।** उत्क्रमित मध्य विद्यालय चाकड़ी के सहायक शिक्षक अचिंत्य कुमार मंडल को उनकी सेवानिवृत्ति के अवसर पर एक भव्य विदाई समारोह में सम्मानित किया गया। इस समारोह में जामताड़ा प्रखंड के कई सहायक शिक्षक, सहायक अध्यापक और अन्य शिक्षक उपस्थित थे, जिन्होंने सेवानिवृत्त शिक्षक अचिंत्य कुमार मंडल को फूल मालाओं और अंग वस्त्र से सम्मानित किया। विद्यालय परिवार के सभी सदस्यों ने शिक्षक के योगदान की सराहना की और उन्हें नए जीवन की शुभकामनाएं दीं। विद्यालय के प्रधानाध्यापक राजीव कुमार दत्ता ने कहा कि प्रत्येक सरकारी कर्मी को एक दिन सेवानिवृत्त होना ही है, और यह समय बहुत भावुक होता है। अपनों के बीच कोई साथी जब जुदा होता है तो उसकी कमी सभी को महसूस होती है।उन्होंने यह भी कहा कि अचिंत्य कुमार मंडल ने विद्यालय में उत्कृष्ट कार्य किया और उनका योगदान कभी भुलाया नहीं जा सकता। समारोह में सीआरपी रणजीत सिंह, रणजीत मिश्रा, दीप्ति बृज पाल, बीआरसी विकास, सुकुमार मंडल, बबलू दुबे, मिहिर साधु, संजय साधु, मानस दत्ता, चंदामुनि सोरेन, बापी पाल, विजय मंडल, अर्जुन मुर्मू, सौर्य मंडल, मेरीलाल मुर्मू, राजकुमार मंडल सहित विद्यालय परिवार के सभी सदस्य और ग्रामीण उपस्थित थे। सभी ने सेवानिवृत्त शिक्षक को नई पारी के लिए शुभकामनाएं दीं।

## फल सब्जी और खोमचे वाले छोटे कारोबारियों पर आयकर का शिकंजा

हाल ही में आयकर विभाग द्वारा सब्जी विक्रेताओं, स्ट्रीट फूड बेचने वालों और छोटे कारोबारियों को नोटिस जारी किए गए हैं। आयकर नोटिस ने एक नई बहस को जन्म दे दिया है। आयकर विभाग ने मोबाइल और यूपीआई जैसे डिजिटल माध्यमों के जरिए हो रहे लेन-देन को जरिया बनाकर इन छोटे-छोटे कारोबारियों को आयकर के दायरे में लाने की मुहीम शुरू कर दी है। आयकर विभाग का मानना है, जो कारोबारी सालाना 36 लाख रुपए या उससे अधिक का भुगतान यूपीआई या अन्य डिजिटल माध्यमों से प्राप्त कर रहे हैं, वे अपनी आय विवरणी दाखिल नहीं कर रहे हैं। ऐसे लोग आयकर की चोरी कर रहे हैं। आयकर विभाग ने नोटिस जारी करके छोटे-छोटे कारोबारियों से जवाब-तलब किया है। डिजिटल युग में मोबाइल भुगतान और यूपीआई के माध्यम से लेन-देन सभी को पसंद आ रहा है। 5 रुपये, 10 रुपये की खरीदी करने वाले भी मोबाइल से पेमेंट कर रहे हैं। इस तरह के पेमेंट का रिकॉर्ड सरकार के पास है। स्वाभाविक है, सरकार इस वर्ग को टैक्स के दायरे में लाने के लिए मोबाइल से जो भुगतान किया जा रहा है। अब उसको आधार बनाकर छोटे-छोटे कारोबारी को भी आयकर के दायरे में लाया जाएगा। सब्जी, स्ट्रीट फूड और छोटा-मोटा कारोबार करने वाले ना तो ज्यादा पढ़े-लिखे होते हैं। ना ही उनके पास कोई पूंजी होती है। इसका दूसरा पक्ष यह है कि संगठित क्षेत्र में आयकर विभाग जो लाखों करोड़ों रुपए का धंधा करते हैं, उनसे आयकर की वसूली करने में ढीला ढाला रवैया अपनाती है। टैक्स चोरी करने वालों की संख्या अधिक है। आर्थिक सुधार के नाम पर आयकर विभाग का यह कदम टैक्सपेयर्स की संख्या बढ़ाने और राजस्व को बढ़ाने की दिशा में सराहनीय माना जा सकता है। लेकिन सवाल उठता है, कि छोटे कारोबारी, जो अक्सर पहले से ही आर्थिक दबाव में रहते हैं, उनके काम-धंधा करने की जगह निश्चित नहीं होती है। उनके पास कोई पूंजी नहीं होती है। लेन-देन उनका ज्यादा होता है लेकिन खर्च भी उससे ज्यादा होता है। किसी तरह से वह अपना जीवन-यापन करते हैं। झुग्गी झोपड़ी में रहते हैं। यह वर्ग हमेशा कर्ज में बना रहता है। आयकर विभाग और सरकार की यह कार्यवाही असंगठित क्षेत्र में स्वरोजगार करने वालों के लिए बड़ी परेशानी पैदा करने वाली साबित होगी। भारत में न्यायोचित कर प्रणाली की आवश्यकता है। भारत में 1 जुलाई 2017 से जीएसटी लागू की गई है। इस कर के दायरे में गरीब से गरीब आदमी से भी टैक्स लिया जा रहा है। वस्तु एवं सेवा सभी में यह टैक्स लग रहा है। 2017 में जब यह टैक्स शुरू हुआ था तब इसके दायरे में बहुत सारी वस्तुएं और सेवाएं नहीं थीं। पिछले 7 वर्षों में सरकार इसका दायरा बढ़ाती चली गई, 8, 12, 18 और 28 फीसदी टैक्स गरीब और अमीर सभी से वसूल किया जा रहा है। जितना टैक्स 45 वर्षों में वसूल नहीं किया गया था उतना टैक्स अब 1 वर्ष में वसूल किया जा रहा है। हर चीज की एक हद होती है। लगता है सरकार इस हद को पार कर रही है। जिसके कारण अब लोगों का सरकार पर गुस्सा बढ़ने लगा है। जीएसटी लागू होने के बाद आयकर को समाप्त कर देना चाहिए था, लेकिन आयकर का दायरा अब गरीबों को भी अपनी गिरफ्त में ले रहा है। अब सरकार के टैक्स की तीव्र आलोचना हर वर्ग से होने लगी है। सरकार को सुनिश्चित करना चाहिए कि छोटे कारोबारियों के लिए टैक्स सिस्टम सरल और व्यावहारिक हो। आयकर विभाग को सुनिश्चित करना चाहिए कि संगठित और बड़े व्यापारिक घरानों जिनके पास स्थाई संपत्ति हैं। उनसे ही आयकर वसूल किया जाए। रोड पर कारोबार करने वालों को आयकर के दायरे से बाहर रखा जाए। सब्जी विक्रेताओं, फुल्की वालों और स्ट्रीट फूड विक्रेताओं पर आयकर लगाने की यह पहल किसी भी रूप में स्वीकार्य नहीं है।

# भारत में आर्थिक असमानता और असमान वितरण से गंभीर चुनौतियां



सौरभ जैन

संविधान ने सभी नागरिकों को लिविंग वेज का अधिकार दिया है। स्वतंत्रता के 75 वर्षों बाद भी यह सपना अधूरा है। देश में असमानता की खाई गहरी हो गई है। अमीर तेजी के साथ अमीर हो रहे हैं। गरीब उसी तेजी के साथ गरीब होते जा रहे हैं। इससे न केवल गरीबों की मुश्किलें बढी हैं, बल्कि अर्थव्यवस्था की स्थिरता भी खतरे में पड़ गईं है।

भारत में 94फीसदी श्रमिक असंगठित क्षेत्र में कार्य करते हैं, जहां ना तो स्थिर आय है और ना ही कोई सामाजिक सुरक्षा है। प्रधानमंत्री द्वारा शुरू किए गए ई-श्रम पोर्टल पर 30 करोड़ लोगों ने पंजीकरण कराया है। इनमें से अधिकांश श्रमिक 10,000 रुपये प्रति माह से कम कमाते हैं। इसका मतलब यह है, यह लोग अपनी बुनियादी जरूरतों को भी पूरा नहीं कर पा रहे हैं। यह लोग आय करदाता की श्रेणी में कभी नहीं आ सकते हैं। वह न्यूनतम जीवन स्तर से भी नीचे का जीवन जीने के लिए विवश हैं।

दूसरी ओर, केवल 1.1फीसदी लोग आयकर चुका पाते हैं। यह आंकड़ा गरीब एवं मध्यम वर्ग की आर्थिक असमानता को दर्शाता है। बल्कि कर संग्रह और संसाधन वितरण की खामियों को उजागर करने वाला है। ऐसे में यह सवाल उठता है कि सरकारों को कैसे संसाधन जुटाने चाहिए ताकि समाज के निचले तबके को बुनियादी जीवन जीने का हक मिल सके।

**कॉर्पोरेट टैक्स और निजी निवेश के नाम पर घोटाले**

केंद्र सरकार ने कॉर्पोरेट टैक्स में कटौती कर कंपनियों को प्रोत्साहित करने की कोशिश की है, ताकि वह निवेश बढ़ाएँ, ओर अर्थव्यवस्था को गति दें। कारपोरेट जगत में इस छूट का बेजा लाभ उठाया है। आलोचकों का तर्क है, इसका लाभ कंपनियों की बैलेंस शीट सुधारने तक सीमित रहा है। सरकार ने जो छूट दी उससे ना तो कर्मचारियों की आय बढ़ी, ना कॉरपोरेट जगत में रोजगार और नौकरी के अवसर बढ़े, ना ही निवेश में पर्याप्त बढ़ोत्तरी हुई। उल्टे कॉरपोरेट जगत ने बैंकों और वित्तीय संस्थाओं से बड़े पैमाने पर कर्ज उठाया उस पर भी वह डिफाल्टर हो गए। जो लाभ गरीबों और मध्यम वर्ग तक मिलना था, उस पर भी राजनीतिज्ञों की मिली-भगत के कारण कारपोरेट जगत ने डाका डालने का काम किया है। जिसके कारण गरीब और भी गरीब होता चला गया। मध्यम वर्ग तेजी के साथ कर्ज के बोझ में डूबता चला गया। सरकार का यह दावा है, सार्वजनिक पूंजी व्यय (कैपेक्स) में 100 लाख करोड़ रुपये का निवेश किया जा रहा है। जिससे निजी निवेश को बढ़ावा मिलेगा। सरकारी पूंजी का यह लाभ भी कुछ कारपोरेट तक सीमित होकर रह जाएगा। सरकारी बंदर बांट कुछ बड़े-बड़े उद्योगपतियों तक सीमित होकर रह जाएगा। इसकी लाभ हानि का पता तो भविष्य में ही तय हो पायेगा।

**राज्यों और केंद्र के बीच संसाधनों का विभाजन**

योजना आयोग के समाप्त होने के बाद वर्तमान केंद्र सरकार द्वारा नीति आयोग बनाया गया। इसमें राज्यों की भागीदारी 32 से बढ़ाकर 42 फ़ीसदी की गई थी। इसमें राज्यों के साथ धोखा हुआ। केंद्र सरकार ने सेस और अन्य माध्यम से कर लगाए जिसका लाभ राज्यों को नहीं दिया। वित्तीय संसाधनों का केंद्र और राज्यों के बीच असमान वितरण एक गंभीर समस्या है। वित्त आयोग ने अनुशंसा की थी, राज्यों को 41फीसदी संसाधन दिए जाएँ, वास्तविकता में यह आँकड़ा पिछले 10 वर्षों में 31-35फीसदी तक ही सीमित होकर रह गया है। केंद्र सरकार ने सेस और सरचार्ज के माध्यम से अपने हिस्से को बढ़ाया है, जो राज्यों को नहीं मिलता है। इसका असर राज्यों की वित्तीय स्थिति पर पड़ा है। पिछले 10 वर्षों में राज्यों का कर्ज तेजी के साथ बढ़ा है, विकास कार्य प्रभावित हुए हैं। केंद्र सरकार ने योजनाओं में अपनी हिस्सेदारी को भी कम कर दिया। जिसके कारण राज्यों का आर्थिक संकट बढ़ता ही चला जा रहा है।

**शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्र में संकट**

देश में शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में बड़े सुधार की आवश्यकता है। वार्षिक स्टेटस ऑफ एजुकेशन रिपोर्ट 2024 के अनुसार, 14-18 आयु वर्ग के 40फीसदी बच्चे दूसरी कक्षा के स्तर की पढ़ाई और गणित नहीं समझ पाते हैं। इसका मतलब यह है कि हमारे शैक्षणिक ढाँचे में बुनियादी सुधार की जरूरत है। केंद्र सरकार लगातार शिक्षा के बजट को घटा रही है। राज्य सरकारें भी केंद्र के दिखाए रास्ते पर चल पड़ी हैं। जिसके कारण राज्यों में शिक्षा की स्थिति बद से बदतर हो गई है। प्राथमिक और मिडिल स्कूलों में पढाने के लिए शिक्षक नहीं है। कॉलेज में भी कई वर्ष से नियुक्तियां नहीं की गई हैं। 30 से 40 फ़ीसदी पद खाली पड़े हुए हैं।

**स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति भगवान भरोसे**

आयुष्मान भारत जैसी योजनाओं के बावजूद, ग्रामीण और गरीब आबादी तक गुणवत्ता पूर्ण जरूरी और बुनियादी स्वास्थ्य सेवाएँ पहुँचाना अभी भी एक बड़ी चुनौती है। ग्रामीण क्षेत्र के प्राथमिक स्वास्थ्य केदो में ना तो डॉक्टर हैं ना दवाइयां मिल रही है ना ही उनकी कोई जांच हो पा रही हैं। आयुष्मान योजना में कुछ चुनिंदा इलाज ही सरकार कर रही है। सामान्य स्वास्थ्य सेवाएं आम आदमी को मिल ही नहीं पा रहे हैं। पिछले 10 सालों में स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी लगातार गिरावट देखने को मिल रही है। सरकार की प्राथमिकता केवल आयुष्मान तक सीमित होकर रह गई है। आयुष्मान योजना का लाभ बड़ी-बड़ी बीमा कंपनियां और बड़े-बड़े अस्पताल उठा रहे हैं। आम आदमी यहां से वहां भटकने मजबूर है निश्चित रूप से आम आदमी भगवान के भरोसे ही जी रहा है।

**दीर्घकालिक संरचनात्मक सुधार की आवश्यकता**

अल्पकालिक राजनीतिक लाभ पर केंद्रित नीतियाँ जनता को तत्काल प्रभावित कर सकती हैं। इसका लाभ राजनेताओं को चुनाव के दौरान मिल भी जाता है, लेकिन इनसे समस्याओं का समाधान नहीं हो पा रहा है। आम लोगों को स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिले। इसके लिए ठोस और दूरदर्शी नीतियों को बनाने की आवश्यकता है।

संसाधनो का न्यायसंगत वितरण - सरकार को कर प्रणाली में सुधार कर कारपोरेट जगत की हिस्सेदारी कर के दायरे में बढ़ाना चाहिए। असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिए सामाजिक सुरक्षा योजनाएँ लागू करनी चाहिए।

शिक्षा स्वास्थ्य और बुनियादी जरूरतों में निवेश - बुनियादी शिक्षा के स्तर को सुधारने के लिए शिक्षकों की गुणवत्ता और शिक्षण संस्थानों के बुनियादी ढाँचे के वर्तमान स्वरूप पर सुधार करने पर ध्यान देना चाहिए। ग्रामीण और गरीब इलाकों में स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार करना होगा प्राथमिक चिकित्सा की सभी दवाइयां नागरिको की पहुंच में हो। ग्रामीण अंचलों में डॉक्टर उपलब्ध हों 2014 के पहले स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार हो रहा था। 2014 के बाद से स्वास्थ्य सेवाओं में निरंतर गिरावट आ रही है। इसका परीक्षण किया जाना आवश्यक है।

राज्यों को वित्तीय स्वतंत्रता - राज्यों के संसाधनों को बढ़ाने के लिए केंद्र को सेस और सरचार्ज मैं राज्यों के साथ बराबर से सही बंटवारा करना होगा। राज्यों को अपने विकास कार्यों के लिए अधिक अधिकार और केंद्र से अधिक संसाधन देने की आवश्यकता है।

**आर्थिक नीतियों का भविष्य एवं जिम्मेदारी**

आर्थिक असमानता को समाप्त करना और समाज के निचले तबके को मुख्यधारा में लाने की जिम्मेदारी केंद्र एवं राज्य सरकार की है। संविधान ने जो मौलिक अधिकार नागरिकों को दिए हैं। उन अधिकारों के तहत सुविधा उपलब्ध कराना सरकारों की जिम्मेदारी है। यह लोकतंत्र की सफलता का आधार भी है। सरकार को दीर्घकालिक दृष्टिकोण अपनाते हुए शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार तथा आम आदमियों की बुनियादी जरूरतों को उपलब्ध कराने की दिशा में सुधार करने होंगे। भारत को अपने आर्थिक मॉडल में एक ऐसा संतुलन बनाना होगा, जिसमें अल्पकालिक राहत और दीर्घकालिक स्थिरता दोनों का समावेश हो। तभी एक समृद्ध, न्यायसंगत और सशक्त भारत का निर्माण संभव हो पाएगा।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार है। )

# पाकुड़ की खबरें

## सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान



**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

पाकुड़। 01 जनवरी 2025 से 31 जनवरी 2025 तक जिला में सड़क सुरक्षा माह मनाया जा रहा है। जिला अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी एवं जिला परिवहन पदाधिकारी के नेतृत्व मे अंबेडकर चौक, पाकुड़ नगर थाना चौक, गांधी चौक एवं शहर के सभी महत्वपूर्ण चौक चौराहो पर एवं ट्रैफिक चेकिंग स्थलों पर यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों को जिला प्रशासन के द्वारा चेतावनी दिया गया तथा सड़क सुरक्षा- जीवन रक्षा के महत्व को समझाया गया। मौके पर जिला परिवहन पदाधिकारी संजय पीएम कुजूर, अनुमंडल पदाधिकारी साइमन मरांडी एसडीपीओ सदर पाकुड़ डी एन आजाद, एमवीआई अमित कुमार तथा थाना प्रभारी कन्हैया यादव , जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधक रितेश कुमार सिंह, सड़क अभियांत्रिक विश्लेषक अज़हद अंसारी ने अलग-अलग जांच स्थलों पर यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर वाहन चालकों को फूल व माला पहनाकर कर जागरूक किया। इससे नियम का उल्लंघन करने वाले चालकों को शर्मिंदगी महसूस कराई। चालकों को बताया गया कि दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का प्रयोग अवश्य करें, चार पहिया या भारी वाहनों में सीटबेल्ट का प्रयोग, सड़क पर निर्धारित गतिसीमा में ही वाहन चलाने, ओवरलोड नहीं करें।

## भगालपुर को 75 रनों से हराकर धूलियांन ने किया फाइनल में प्रवेश



**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

हिरणपुर ( पाकुड़ ) बाजार स्थित फुटबाल मैदान में आयोजित जेएमएम चैम्पियंस ट्रॉफी का पहला सेमीफाइनल मैच मंगलवार को धूलियांन और भगालपुर के बीच खेला गया। जिसमें धूलियांन ने भगालपुर 75 रनों को हराकर फाइनल में प्रवेश किया। मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाज़ी करते हुए धूलियांन की टीम ने निर्धारित 18 ओवरों में 248 रनों स्कोर खड़ा कर दिया। धूलियांन की ओर से आसिफ अली ने 77 रनों शानदार पारी खेली। जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी भगालपुर की टीम 185 रनों में ही आलआउट हो गई। भगालपुर की ओर से संजू ने 75 रनों की धुआंदार पारी खेली।मैच में 77 रनों की पारी खेलने वाले आसिफ अली को मैन ऑफ द मैच चुना गया। जिन्हें सुंदरपुर ग्राम प्रधान माधव चन्द्र शील के द्वारा ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। वही सेमीफाइनल में हारने वाले टीम भागलपुर को कमेटी के कोषाध्यक्ष विक्की के हाथों 10 हजार देकर सम्मानित किया गया। आज दूसरा सेमीफाइनल उधवा बनाम विक्रमशिला के बीच खेला जाएगा। आयोजन को सफल बनाने में कमिटी के अध्यक्ष वीकास रविदास, सचिव जितेंद्र रविदास, कुंदन रविदास,श्यामा, नासिर, राहुल, करमचंद्र, रंजीत, वसीम आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## बच्चों के बीच टीएलएम किट्स, कम्बल एवं सीसीएल लिंकेज का चेक सखी मंडल के दीदियों के बीच किया गया वितरण

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

पाकुड़ । जिले के महेशपुर प्रखंड अंतर्गत बीरकिट्टी पंचायत के पहाड़ियां गांव में पीवीटीजी पाठशालाओं में पढ़ने वाले बच्चों को शिक्षा और सीखने की सामग्री वितरित की गई। यह कार्यक्रम जेएसएलपीएस के सहयोगी उड़ान परियोजना के तहत आयोजित किया गया था, जिसका उद्देश्य पीवीटीजी बच्चों को उच्च शिक्षा के अवसर प्रदान करना है।इस अवसर पर उपायुक्त मनीष कुमार अपनी अर्धांगिनी के साथ सभी बच्चों के बीच टीएलएम किट्स का वितरण किए, जिनमें कॉपी, पेंसिल, रबर, स्कूल बैग, वाइट बोर्ड, वाटर फिल्टर, सोलर लाइट, मैट, फुटबॉल, बैडमिंटन और अन्य पढ़ाई और क्रीडा सामग्री शामिल हैं।




उपायुक्त ने कहा की पीवीटीजी पाठशाला कार्यक्रम का उद्देश्य पहाड़िया बच्चों को और उनके परिवारों में जागरूकता लाना है। ताकि बच्चों का स्कूल में एडमिशन हो। इस कार्यक्रम के तहत वर्तमान में 70 पीवीटीजी पाठशालाएं संचालित की जा रही हैं एवं उन सभी को पाठशाला किट वितरित किया जाएगा। उपायुक्त ने कहा कि मुख्य उद्देश्य बच्चों का मानसिक और शारीरिक विकास करना है, ताकि वे उच्च शिक्षा के लिए प्रेरित हो सकें। आगे भी ऐसे और पीवीटीजी पाठशालाएं खोलने का प्रयास किया जा रहा है, जिसमें अधिक से अधिक पिछड़े पहाड़िया समुदाय के बच्चों का विकास हो सके। उपायुक्त ने दीदियों को सरकार द्वारा संचालित कई योजनाओं की जानकारी दी। मौके पर विशेष कार्य पदाधिकारी त्रिभूवन कुमार सिंह, महेशपुर बीडीओ सिद्धार्थ यादव एवं जेएसएलपीएस के कर्मी उपस्थित थे।

## एसडीओ ने किया निरीक्षण, दिये आवश्यक दिशा निर्देश

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**



हिरणपुर (पाकुड़ )अनुमंडल पदाधिकारी साईमन मरांडी ने गुरुवार की शाम को अंचल कार्यालय सहित तीन ग्राम प्रधान कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में सीओ मनोज कुमार व बीडीओ टुडु दिलीप भी मौजूद रहे। एसडीओ ने सबसे पहले अंचल कार्यालय में सरकारी राजस्व व ग्राम प्रधानी पंजी सहित अन्य अभिलेखों की जांच करते हुए सीओ से जानकारी प्राप्त की। इसके बाद बारी बारी से दराजमाठ, मोहनपुर व खिदिरपुर गांव जाकर वहां के ग्राम प्रधान आवासीय कार्यालय का निरीक्षण कर संबंधित ग्राम प्रधानों से राजस्व अभिलेख आदि की जानकारी प्राप्त की। एसडीओ ने बताया कि निरीक्षण कर दस्तावेजों का आकलन किया गया है। अवलोकन के पश्चात ग्राम प्रधानों को प्रशिक्षित करने हेतु कार्य योजना जिला स्तर से बनाई जाएगी। जिसमें सभी ग्राम प्रधान एवं उनके सहयोगियों को प्रशिक्षित किया जाएगा।

## हिंदुस्तान केबल्स की पूर्व प्रधानाचार्या के नाम पर चिकित्सा केंद्र का उद्घाटन



चित्तरंजन- हिंदुस्तान केबल्स के निवासियों ने अपनी पूर्व प्रधानाचार्या को सम्मानित करने के लिए एक चिकित्सा केंद्र का उद्घाटन किया है। इस चिकित्सा केंद्र का नाम आरती सुधा चिकित्सा सेवा केंद्र रखा गया है और यह हिंदुस्तान केबल्स पुनर्वास समिति और हिंदुस्तान केबल्स परिवार माटी टाने के सहयोग से स्थापित किया गया है। इस चिकित्सा केंद्र का उद्घाटन बृहस्पतिवार को हुआ था और इसमें कई प्रमुख व्यक्तियों ने भाग लिया था। इनमें डॉ सौरभ कोले, डॉ समरेंद्र घोष, सागरिका घोष, सुतपा साहा आदि शामिल थे। इस चिकित्सा केंद्र में हृदय रोग और अन्य बीमारियों के इलाज की सुविधा प्रदान की जाएगी। पुनर्वास समिति के निदेशक सुभाष महाजन ने बताया कि यह चिकित्सा केंद्र निवासियों के लिए एक महत्वपूर्ण सुविधा प्रदान करेगा। इस अवसर पर एक जन जागरूकता कार्यशाला भी आयोजित की गई थी, जिसमें हृदय रोग और अन्य बीमारियों के बारे में जानकारी प्रदान की गई थी। विशेषज्ञों ने बताया कि यदि किसी को हृदय रोग या अन्य बीमारी हो जाए तो क्या करना चाहिए और कैसे बचाव किया जा सकता है। इस कार्यशाला में विश्वदेव भट्टाचार्य, अपर्णा रॉय, रुमेली दास मुखर्जी आदि ने भी भाग लिया था। बताया गया है कि यह चिकित्सा केंद्र मासिक दो बार श्रमिक मंच के एक कमरे में चिकित्सा परामर्श प्रदान करेगा।

## जिला संगठन प्रभारी ने किया कम्बल का वितरण



**पाकुड़** । राजमहल सांसद विजय हांसदा व लिट्टीपाड़ा विधायक हेमलाल मुर्मु के सौजन्य से लिट्टीपाड़ा के बॉन्डू व सोनाधनी पंचायत के कई गांवों में शुक्रवार को कंबल का वितरण जरूरतमंद लोगों के बीच किया गया। दोनों ही स्थानों पर जिला संगठन प्रभारी अजीजुल इस्लाम के हाथों दर्जनों लोगों के बीच कंबल का वितरण किया गया। बढ़ती ठंड को देखते हुए दोनों ही जनप्रतिनिधियों की ओर से दिये कंबल को पाकर लोग काफी खुश दिखें। जिला संगठन प्रभारी ने कहा कि जरूरतमंद लोगों को आगे भी कंबल का वितरण किया जाएगा।मौके पर लिट्टीपाड़ा सचिव जावेद आलम, कोषाध्यक्ष जलपा हांसदा, अर्जुन मरांडी, दासू मुर्मू, निर्मल किस्कू, ताला किस्कू, चरण सोरेन, सगीर अंसारी, श्याम मड़ैया,बाबुधन मुर्मू, सहित दर्जनों कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

## नेशनल शूटिंग चैंपियनशिप में चमके चतरा राइफल शूटिंग क्लब के खिलाड़ी



**चतरा।** नेशनल शूटिंग चैंपियनशिप, जो 15 दिसंबर से 31 दिसंबर 2024 तक आयोजित हुई, में चतरा राइफल शूटिंग क्लब के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। राइफल इवेंट भोपाल में और पिस्टल इवेंट दिल्ली में संपन्न हुए।झारखंड की ओर से चतरा राइफल शूटिंग क्लब के 4 खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता में भाग लिया, जिसमें सभी खिलाड़ियों ने क्वालीफाई किया। इनमें से दो खिलाड़ियों, अरविंद कुमार और पृथ्वीराज पांडे, ने इंडिया टीम ट्रायल के लिए क्वालीफाई किया। इसके अलावा, सचिन कुमार और इशा लिंडा रानी ने राष्ट्रीय स्तर पर क्वालीफाई किया।यह जीत चतरा और झारखंड के लिए गर्व का पल है। कोच नितीश कुमार ने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं और उनकी मेहनत की सराहना की। इस उपलब्धि से जिले में खुशी का माहौल है, और यह सफलता झारखंड का नाम राष्ट्रीय स्तर पर ऊंचा करने में मील का पत्थर साबित हुई है।

## डॉ शेख सैफुद्दीन का प्रयास लाया रंग इसकपुर-चांचकी बाईपास सड़क निर्माण शुरू

**पाकुड़।** मनीरामपुर पंचायत समिति के सदस्य डॉक्टर शेख सैफुद्दीन का प्रयास रंग लाया । इशाकपुर-चांचकी बाईपास सड़क के मनीरामपुर मोड (नया अंजना) से मनीरामपुर के उत्तर टोला प्राथमिक विद्यालय तक मनीरामपुर पंचायत समिति के सदस्य डॉक्टर शेख सैफुद्दीन के लंबी प्रयास के बदौलत सड़क निर्माण का कार्य आरंभ हो सका है । मालूम हो कि उक्त सड़क के लिए उन्होंने लगातार उपयुक्त हो पत्र लिखकर अवगत कराते रहे। यह सड़क काफी जर्जर हो चुका था। इसके उन्मुखीकरण से आए दिन होने वाली दुर्घटनाओं में कमी होगी। इस रास्ते के निर्माण होने से नवादा, रहसपुर, तारापुर, मनीरामपुर ,पृथ्वी नगर, आदि पंचायत के लोगों को आवागमन करने में काफी सुविधा प्रदान होगी। यह रास्ता पश्चिम बंगाल के रास्ता को जोड़ती है । जिससे लोगों को पश्चिम बंगाल जाने में सुविधा प्राप्त होगी। उक्त सड़क के निर्माण से पंचायत वासियों में खुशी का माहौल है।

## सेविका के रिक्त पदों पर चयन हेतु पारदर्शिता बरतें पदाधिकारी - डी डी सी



**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

पाकुड़। शुक्रवार को समाहरणालय स्थित सभागार में उप विकास आयुक्त महेश कुमार संथालिया की अध्यक्षता में आंगनबाड़ी सेविका- सहायिका की चयन से संबंधित समीक्षात्मक बैठक की गई।बैठक में उप विकास आयुक्त महेश कुमार संथालिया ने कहा कि सेविका सहायिका पोषक क्षेत्र का हो यह जांच कर ही चयन प्रक्रिया शुरू करे। इसमें कोई गड़बड़ी होती है तो उसकी जिम्मेवारी संबंधित सीडीपीओ का होगा। इसे लेकर उप विकास आयुक्त द्वारा संबंधित पदाधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।मौके पर कार्यपालक दंडाधिकारी विकास कुमार त्रिवेदी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी श्रीमती बसंती ग्लाडिस बाड़ा, लिट्टीपाड़ा बीडीओ संजय कुमार, सीडीपीओ, महिला पर्यवेक्षक समेत अन्य उपस्थित थे।

## चौकीदार नियुक्ति समिति की बैठक संपन्न

जामताड़ा- जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त कुमुद सहाय की अध्यक्षता में चौकीदार नियुक्ति समिति की बैठक किया गया। बैठक में नियुक्ति से संबंधी विभिन्न बिंदुओं पर विमर्श किया गया और एक सप्ताह के अंदर प्रतिवेदन देने के निर्देश दिए गए। उपायुक्त ने जामताडा जिलान्तर्गत चौकीदार की सीधी नियुक्ति के लिए प्रकाशित विज्ञापन संख्या 01/2024 के द्वारा चौकीदार नियुक्ति नियमावली के अनुपालन में विभिन्न बिंदुओं पर समीक्षा की। बैठक में उपायुक्त द्वारा सभी अंचल से राजस्व अभिलेख/अन्य दस्तावेज के पूर्ण प्रमाण के आधार पर प्राप्त रिक्त बीट संख्या एवं संबद्ध ग्रामों का नाम संबंधी प्रतिवेदन की समीक्षा कर रिक्त बीटों एवं संबद्ध ग्रामों का पुनः समीक्षा कर विभिन्न बिंदुओं पर नियुक्ति नियमावली के अनुसार त्रुटिरहित प्रतिवेदन उपलब्ध कराने के लिए एक सप्ताह का समय दिया गया। मौके पर पुलिस अधीक्षक डॉ एहतेशाम वकारिब, उप विकास आयुक्त निरंजन कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी अनंत कुमार, प्रभारी पदाधिकारी सामान्य शाखा सह भूमि सुधार उप समाहर्ता ओम प्रकाश मंडल, सभी अंचल अधिकारी के अलावा लिपिक मनोज मुर्मू एवं अन्य मौजूद रहे।

## जिला के 36 ग्राम पंचायतों में महिला सभा का हुआ आयोजन

पाकुड़। सबकी योजना सबका विकास अभियान अंतर्गत ग्राम पंचायत सहजकर्ता दल वीपीआरपी के लिए नामित सदस्य द्वारा महिला संगठन के अध्यक्ष द्वारा 36 पंचायत में महिला सभा का आयोजन किया गया। सभा में सर्वप्रथम एक दूसरे से परिचय करते हुए सभी उपस्थिति महिलाओं और किशोरियों को ग्राम पंचायत विकास अभियान के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।पंचायत द्वारा चयनिति स्थानीय सतत विकास लक्ष्य के बारे में बताया गया। महिलाओं को प्रभावित करने वाले मुख्य कारकों को पहचान करते हुए कार्य योजना का निर्माण किया गया। अंत में सहजकर्ता द्वारा ग्रामवार समेकन कर सभा के समक्ष योजना प्रस्तुत किया गया।

## हफीजुल हसन ने किया करौं प्रखंड के गांवों का दौरा

# हम चौमुखी विकास के लिए दिन-रात मेहनत कर रहे हैं : मंत्री

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**मधुपुर ।** विकास की यात्रा में सबका साथ। झारखंड के अल्पसंख्यक कल्याण और जल संसाधन मंत्री हफीजुल हसन ने करों प्रखंड के दर्जनों गांवों का दौरा कर जनता का धन्यवाद व्यक्त किया। विधानसभा चुनाव में रिकॉर्ड वोटों से मिली ऐतिहासिक जीत के लिए मंत्री ने नागादेरी, बुढ़ियाबाद, तुलसीतांड, बदिया, करहिया, धोबाना, नावाडीह, कसैया, मोहनाचोक, सागरभंगा, मुरली पहाड़ी, और बसकूपी जैसे गांवों का भ्रमण किया। हर गांव को विकास



की सौगात देने का वादा। मंत्री ने अपने संबोधन में कहा, हम चौमुखी विकास के लिए दिन-रात मेहनत कर रहे हैं। स्वर्गीय पिता हाजी हुसैन अंसारी के अधूरे विकास कार्यों को पूरा करना मेरी प्राथमिकता है। उन्होंने जनता को आश्वस्त किया कि कोई भी गांव विकास से वंचित नहीं रहेगा।बीते 3 वर्षों में बनीं नई सड़कें, पुल-पुलिया। हसन ने बताया, पिछले तीन सालों में रिकॉर्ड तोड़ विकास कार्य हुए हैं। बहुत जल्द ग्रामीणों को और नए बदलाव देखने को मिलेंगे।÷ इस दौरान, ग्रामीणों ने भी मंत्री के सामने अपनी समस्याएं रखीं, और इनका जल्द समाधान करने का अनुरोध किया। विकास दिखेगा, समस्याओं का समाधान होगा। मौके पर गुलाम असरफ राजू,मसरुद्दीन अंसारी,बाबू टीमन, दिनेश सोरेन,बिरजू यादव, रूपलाल मरांडी,सुखदेव यादव, जुगल यादव,इसहाक अंसारी, असगर अंसारी,जमील अंसारी और मीडिया प्रभारी समीर आलम समेत दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित रहे। यह दौरा न सिर्फ मंत्री के कृतज्ञता भाव का प्रतीक था बल्कि गांवों में उम्मीद और विश्वास की एक नई रोशनी लेकर आया।

## कॉमर्सियल होते हुए रेसिडेंसियल टैक्स दे रहे लोगों को नगर निगम ने दी अंतिम चेतावनी

**संवाददाता**

**देवघर ।** शुक्रवार को वार्ड नंबर 01 से 06 के होल्डिंग के बड़े बकायेदारों के यहाँ निरीक्षण किया गया एवं अंतिम नोटिस दिया गया। जिसमें पता चला कि बहुत ऐसे होल्डिंग धारक ऐसे हैं जिनका टैक्स लाखों में बकाया है। एवं बहुत से ऐसे घर जोकि कॉमर्सियल होते हुए रेसिडेंसियल टैक्स दे रहे है। इन लोगों को नगर निगम के द्वारा अंतिम चेतावनी दी गई है, की अपना बकाया टैक्स जल्द जमा करें। अन्यथा झारखंड म्युनिसिपल एक्ट 2011 के धारा 184 के तहत क़ानूनी कार्यवाही की जाएगी। बड़े बकायेदारों में वार्ड नंबर 02 के सुमित कुमार पांडेय 63000 हजार ,मुकेश यादव 39000 हजार,विश्वेश्वर साहू सरस्वती देवी




40000 हजार, वार्ड नंबर 06 के पार्वती देवी (सिंह एन्ड संग ट्रेडिंग )सोभा देवी (मुनिलाल मिष्ठान भंडार ) समेत अन्य है। जिनका बकाया पिछले 5-6सालों से है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार अब बड़े बकायदारों का नगर निगम नियमानुसार चल अचल संपत्ति की जप्ती एव कुर्की भी कर सकती हैं। इस अभियान में नगर निगम के सिटी मिशन मैनेजर हिमांशू शेखर, दिनेश देव सहित पीएमयू के विनय जारीवाल,एसपीएस टीम के सोहलत खान,मोहित मिश्रा,अमर देव,अवकाश देव,अमित बाजपेयी मौजूद थे।

## देवघर की तीन महिला वॉलीबॉल खिलाड़ी का राष्ट्रीय स्तर पर चयन



**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**देवघर ।** देवघर के तीन महिला वॉलीबॉल खिलाड़ी का चयन राष्ट्रीय स्तर के प्रतियोगिता के लिए हुआ है। एसजीएफआई वालीबॉल नैशनल अंडर-19 में भूमि कुमारी और श्वेता कुमारी का देवघर से चयन हुआ था.26/09/2024 ट्रायल खेलगांव रांची स्टेडियम में हुआ था द्य उसमें कैंप के लिए सलेक्शन हुआ।कैंप 23/12/2024 से 03/01/2025 तक चला और कैंप भी रांची के खेल गांव से ही हुआ था .03/01/2025 को रात में रांची से विजयवाड़ा आंध्र प्रदेश के लिए जीएफए झारखंड के अंदर-19 वॉलीबॉल टीम जाएगी।जबकि कृति सिंह का चयन रांची के खेल गांव में इंडियन ओलंपिक संघ के द्वारा एडहॉक कमिटी जो बनाई गई थी झारखंड सरकार के नेतृत्व में उसका ट्रायल 30 दिसंबर को कराया गया था।

## मारपीट कर जबरन दुकान के गल्ला से 6 हजार रूपये निकाल लेने के आरोप में प्राथमिकी दर्ज

**देवघर।** नगर थाना में मारपीट कर जबरन दुकान के गल्ला से 06 हजार रूपये निकाल लेने के आरोप में मामला दर्ज कराया गया है। यह मामला बैजनाथपुर निवासी कृष्णा यादव ने दर्ज कराया है। मामले में सुमित मंडल उसके भाई बिट्टू मंडल सहित 4-5 अज्ञात को आरोपी बनाया है। कहा है कि उसका दुकान छत्तिसी मोड़ दुध कोठी के पास है। वह दुकान बंद कर रहा था। उसी क्रम में आरोपी उसके दुकान से जबरन घुसे और 6 हजार रूपये निकाल लिया। जब उसने हो हल्ला किया तो उपरोक्त लोगों ने उसके साथ मारपीट कर जख्मी कर दिया। नगर पुलिस मामला दर्ज कर छानबीन में जुट गयी है। इधर, देवघर जिले के कुंडा थाना में मारपीट किये जाने को लेकर मामला दर्ज कराया गया है। यह मामला ब्रह्मपुरा निवासी ललिता देवी ने दर्ज कराया है। जिसमें दिलीप पोद्दार, मुन्नु पोद्दार ढाकोडीह निवासी को आरोपी बनाया है। कुंडा थाना में ही मारपीट कर जख्मी कर देने को लेकर एक और मामला दर्ज किया गया है। यह मामला भंडारकोला निवासी शकिला बीबी ने दर्ज कराया है। मामले में नइम मियां, सहारा बीबी, रईस अंसारी, लाली खातुन, नन्हका अंसारी सभी साकिन भंडरकोला को आरोपी बनाया है। दोनों मामला दर्ज कर पुलिस छानबीन में जुट गयी है।

## सावित्रीबाई फुले की मनाई गई जयंती

**देवघर संताल एक्सप्रेस ।** देश की पहली महिला शिक्षिका राष्ट्र माता सावित्री बाई फुले की जन्म जयंती मनाई गई।कार्यक्रम की अध्यक्षता समाज के वरिष्ठ सेवक सह जन प्रतिनिधि महथा ने किया।मौके पर महथा ने कहा कि विपरीत परिस्थितियों में शोषित वंचित समाज को आगे लाने वाली प्रथम महिला के रूप में सावित्री बाई फुले स्थापित हुई। ।इस दौरान मौके पर मुख्य रूप से सुशील महथा,सुनील महथा,गौतम महथा,सुभाष महथा,पवन महथा,सुधीर महथा,अमित चौधरी,रोहित महथा,अरुण महथा,मुकेश महथा,अविनाश महथा,विपुल कुमार,गौरचन्द महथा,अजय कांत महथा,विजय यादव,रनजीत महथा,कुंदन महथा,बीरबल महथा,अशौक महथा,विवेक उपाध्याय,सर्वा नंद कुमार,बिनोद कुमार यादव सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## संप विजेता टीम के खिलाड़ियों से मिले ऋषि



**देवघर।** 24वीं राष्ट्रीय वनवासी क्रीड़ा प्रतियोगिता में संथाल परगना टीम के शानदार प्रदर्शन के बाद टीम के कोच और खिलाड़ियों से जशीडीह स्टेशन पर छत्तीसगढ़ से लौटते वक्त ऋषि कुमार व उनके साथियों का मुलाकात हुई उन्होंने टीम व कोच को बधाई दी और भविष्य के लिए दीं शुभकामनाएं। ऋषि कुमार ने कहा कि संथाल परगना की टीम ने कठिन परिस्थितियों में भी शानदार खेल दिखाया और प्रदेश का गौरव बढ़ाया। उन्होंने खिलाड़ियों को मेहनत जारी रखने और राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर संथाल परगना का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर टीम के कोच ने बताया कि खिलाड़ियों ने पूरे खेल में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया, विशेष रूप से फुटबॉल के 22 मैचों में हुए 122 गोलों में संथाल परगना टीम का योगदान सराहनीय रहा। मौके पर प्रांत संगठन मंत्री कैलाश उराँव,जिला संगठन मंत्री सह फुटबॉल कोच श्री जिशूलाल मरांडी व काजल कुमार, दीपक ज्योति आदि उपस्थित थे।

## यातायात नियमों के प्रति किया गया जागरूक



**देवघर।** डीसी विशाल सागर के निर्देश पर आज शुक्रवार को सड़क सुरक्षा माह 2025 जागरूकता अभियान के तहत जिला परिवहन पदाधिकारी श्री अमर जॉन आईन्द, देवघर के नेतृत्व में रोज एट रोड कैम्पेन का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में जिला अंतर्गत मुख्य चौक चौराहों पर यातायात नियम का उल्लंघन कर वाहन चालकों को गुलाब पुष्प एवं पुष्प माला भेंट की गई। साथ ही उन सभी वाहन चालकों को वाहन चलाते समय यातायात नियम के अनुरूप की वाहन चलाने के लिए कहा गया एवं सड़क सुरक्षा के प्रति जिम्मेवार होने से सड़क दुर्घटना से बचाव का भी विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। इसके अलावा कार्यक्रम में जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधक शिव कुमार राय, मोटरयान निरीक्षक देवघर अमित झा,सुभाष तिग्गा,प्रथम कुमार रजवार, सड़क अभियंत्रिक विश्लेषक श्री प्रविंद कुमार,आईव टीव सहायक अजय कुमार एवं कार्यालय के कर्मी उपस्थित रहे।

## सीओ ने राजस्व कार्यों में तेजी और पारदर्शिता के लिए दिए कड़े निर्देश



**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**देवघर ।** मधुपुर के सीओ यामुन रविदास ने शुक्रवार को अंचल कार्यालय कक्ष में राजस्व कर्मचारियों के साथ महत्वपूर्ण समीक्षात्मक बैठक की। उन्होंने राजस्व संबंधित कार्यों में देरी पर नाराज़गी जताते हुए सभी कार्यों का तुरंत निष्पादन करने का निर्देश दिया। बैठक में सीओ ने वंशावली को ऑनलाइन करने पर जोर देते हुए कहा, यह कदम जांच रिपोर्ट तैयार करने में आने वाली कठिनाइयों को दूर करेगा और पारदर्शिता बढ़ाएगा।÷ उन्होंने स्पष्ट किया कि जो लोग जीवित हैं, उनके नाम को रजिस्टर टू में अवश्य जोड़ा जाए। राजस्व वसूली में तेजी लाने का निर्देश देते हुए उन्होंने चेतावनी दी,÷15 जनवरी तक सभी मूल रैयत प्रधान राजस्व जमा करें अन्यथा कार्रवाई की जाएगी। सीओ ने सरकारी जमीन पर हो रहे अतिक्रमण की तत्काल रिपोर्ट तैयार कर प्रस्तुत करने का भी आदेश दिया, ताकि अतिक्रमण हटाया जा सके।

## हावड़ा-पटना-हावड़ा स्पेशल ट्रेनों का परिचालन जारी रहेगा

**देवघर ।** यात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे 02024/02023 (हावड़ा-पटना-हावड़ा) स्पेशल ट्रेनों का परिचालन अपने निर्धारित दिनों, समय और ठहराव के साथ पूर्ववत जारी रखेगा। 02024 पटना-हावड़ा स्पेशल ट्रेन 05 जनवरी से 23 फरवरी के बीच प्रत्येक रविवार को (08 ट्रिप) और 02023 हावड़ा-पटना स्पेशल ट्रेन 05 जनवरी से 23 फरवरी के बीच प्रत्येक रविवार को (08 ट्रिप) मौजूदा ठहराव, मार्ग, समय और संरचना के साथ पूर्ववत जारी चलेगी। आद्रा डिवीजन में संयुक्त रोलिंग ब्लॉक के कारण कोचिंग ट्रेनों का विनियमन किया। दक्षिण पूर्व रेलवे के आद्रा मंडल में 06 जनवरी (सोमवार) से दिनांक 12 जनवरी (रविवार) तक एक सप्ताह के संयुक्त रोलिंग ब्लॉक के निष्पादन के लिए 06 जनवरी और 11 जनवरी को शुरू होने वाली 68046/68045 आसनसोल-आद्रा-आसनसोल मेमू की यात्रा रद्द रहेगी। वही 68056/68060 टाटा-आसनसोल-बाराभूम मेमू 06 जनवरी और 11 जनवरी को शुरू होने वाली यात्रा आद्रा में ही संक्षिप्त रूप से समाप्त हो जाएगी। आद्रा-आसनसोल-आद्रा के बीच ट्रेन परिचालन सेवा रद्द रहेगी। 63594/03593 आसनसोल-पुरुलिया-आसनसोल मेमू दिनांक 06 जनवरी से 11 जनवरी को शुरू होने वाली यात्रा आद्रा में ही संक्षिप्त रुप से समाप्त हो जाएगी।

# संथाल परगना बैडमिंटन चैंपियनशिप का आगाज

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**देवघर ।** देवघर स्थित नेताजी सुभाष चंद्र बोस इनडोर स्टेडियम में तीन दिवसीय संथाल परगना बैडमिंटन चैंपियनशिप का आगाज़ देवघर जिला बैडमिंटन संघ के तत्वाधान में हुआ।चैंपियनशिप का उद्घाटन जिला प्राधिकरण के महासचिव युधिष्ठिर राय, उपाध्यक्ष जवाहर सिंह, वीरेंद्र सिंह , प्राधिकरण के सचिव आशीष झा और डॉ गौरी शंकर एवं सरोवर पोर्टिको के जीएम मृणाल ने किया। मंच का संचालन प्राधिकरण के कोषाध्यक्ष संचालन धर्मेंद्र देव ने किया। वही मुख्य अतिथि युधिष्ठिर राय ने सभी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करने के पश्चात् बैडमिंटन खेल कर चैंपियनशिप का आगाज़ किया। ऑर्गेनाइजिंग सचिव कृष्ण कुमार बर्नवाल ने बताया की संथाल के सभी जिलों से कुल




180 बालक एवं बालिका भाग ले रहे है। इसमें कुल 40000 नगद राशि का इनाम है वही ट्रॉफी और सर्टिफिकेट भी दिया जाएगा इस प्रतियोगिता में 15, 17,19, सीनियर , 40+ , वेटरन महिला पुरुष भाग ले रहे है। सभी खिलाडियों का भोजन और अवसान की व्यवस्था देवघर जिला बैडमिंटन संघ के द्वारा किया गया है। बैडमिंटन संघ के कोषाध्यक्ष नवीन शर्मा ने बताया की इस तरह के आयोजन से जिला के खिलाड़ियों के बहुत कुछ सीखने का मौका मिलेगा और उम्मीद जताई की देवघर का उम्दा प्रदर्शन रहेगा। इस दौरान सुरेशा नंद झा, अभय यादव, सचिव कनिष्क कश्यप, रवि कुमार, यश गुप्ता, अंकेश कुमार, राहुल साह, राहुल, हर्ष, अशोक बलियासे, बिट्टू , ज्ञान शाही एवं विभिन्न जिला के कोच और मैनेजर शामिल थे।

## कांग्रेस ने दी स्व. सावित्री बाई फुले को श्रद्धांजलि

**देवघर संताल एक्सप्रेस ।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस सेवादल के प्रदेश उपाध्यक्ष अजय कुमार ने जयंती पर स्वर्गीय सावित्री बाई फुले को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि वे भारत की प्रथम महिला शिक्षिका, समाज सुधारिका एवं प्रसिद्ध कवियत्री थी। नारी शिक्षा की प्रणेता स्वर्गीय फुले ने स्त्री अधिकारों एवं शिक्षा के क्षेत्र में कई उल्लेखनीय कार्य किए। उन्हें आधुनिक मराठी काव्य का अग्रदूत माना जाता है। एक उद्देश्य की तरह अपना जीवन जीते हुए स्वर्गीय सावित्रीबाई फुले ने विधवा विवाह करवाने, छुआछूत मिटाने, महिलाओं की मुक्ति और दलित महिलाओं को शिक्षित बनाने में अपना पूरा जीवन गुजार दिया।

## तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत दिया गया प्रशिक्षण



**देवघर संताल एक्सप्रेस ।** हॉल पुराना सदर अस्पताल में जिला कुष्ट निवारण पदाधिकारी सह-जिला नोडल पदाधिकारी डॉ0 मनोज गुप्ता की अध्यक्षता में राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत बी0टी0टी0 एवं पी0एम0डब्ल्यू0 का एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। उक्त प्रशिक्षण में डॉ मनोज कुमार गुप्ता एवं डॉ अभिषेक प्रकाश के द्वारा बतलाया गया की प्रत्येक साल लगभग भारत में 10 लाख लोगो की मौत तम्बाकू सेवन से हो जाती है। साथ ही साथ तंबाकू से होने वाले विभिन्न प्रकार के रोगों एवं हानिकारक प्रभाव के बारे में बताया गया ।


प्राचार्य का कार्यालय
राजकीय महिला पोलिटेकनिक, दुमका
(उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, झारखण्ड सरकार राँची)
(पोस्ट–तैलियाचॉक, जिला– दुमका, पिन– 814110)
(E-mail ID-dumka.gwp@gmail.com)

**Tender Notice No. :- 01/2024-25 (2nd call) Dated:-02.01.2025**

**निविदा सूचना**

वित्तीय वर्ष–2024–25 में राजकीय महिला पोलिटेकनिक, दुमका में पुस्तकों के क्रय हेतु निविदा (Two Bid System) आमंत्रित की जाती है।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम | प्राचार्य, राजकीय महिला पोलिटेकनिक, दुमका |
| 2. | निविदा प्राप्ति का स्थान | राजकीय महिला पोलिटेकनिक, दुमका के क्रय शाखा से प्राप्त किया जा सकता है। |
| 3. | निविदा दस्तावेज की प्रपत्र का मूल्य | रू0 500/– (पाँच सौ रूपये मात्र) Principal, Government Women's Polytechnic, Dumka खाता संख्या–37791657824, IFSC-SBIN0018912 में जमा की गई राशि की विवरणी। |
| 4. | निविदा दस्तावेज प्राप्ति की प्रारंभ तिथि | दिनांक– 03.01.2025 से 20.01.2025 तक |
| 5. | निविदा दस्तावेज जमा करने की अंतिम तिथि एवं स्थान | दिनांक – 25.01.2025 के अपराह्न 05:00 बजे तक। राजकीय महिला पोलिटेकनिक, दुमका, पो0–तैलियाचॉक, जिला–दुमका, झारखण्ड परिसर में अवस्थित कार्यालय (क्रय शाखा) |
| 6. | निविदा के Technical and Financial Bid खुलने की तिथि | दिनांक – 28.01.2025 के पूर्वाह्न 11:30 बजे। |
| 7. | निविदा खुलने का स्थान | राजकीय महिला पोलिटेकनिक, दुमका के प्राचार्य कक्ष में खुलेगें। |

निविदा की Terms & Conditions राजकीय महिला पोलिटेकनिक, दुमका के क्रय शाखा से प्राप्त किया जा सकता है।

ह0/–
प्राचार्य
राजकीय महिला पोलिटेकनिक, दुमका

PR 343452 (Science & Technology) 24-25 (D)



कार्यपालक अभियंता का कार्यालय भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, दुमका
**Email:-** eengbcddumka-jhr@nic.in

**अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना–21/2024–25**

1विज्ञापनदाता का नाम –कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमण्डल, दुमका।
2परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि एवं समय –24.01.2025 1:00बजे अपराहन तक।
3मुहरबंद निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय –25.01.2025 3:00बजे अपराहन तक।
4मुहरबंद निविदा खोलने की तिथि एवं समय –25.01.2025 3:30बजे अपराहन।
5परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान –(क) अधीक्षण अभियंता, भवन अंचल, दुमका का कार्यालय।
(ख) कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमण्डल, दुमका का कार्यालय।
(ग) सहायक अभियंता, भवन अवर प्रमण्डल, दुमका का कार्यालय।
6निविदा प्राप्ति का स्थान –क्रमांक 5 में वर्णित स्थानों पर।
7कार्य की विवरणी –

| क्र0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | E/R TO REGIONAL DIRECTOR OFFICE FOR ANIMAL HUSBANDRY AT DUMKA. | Rs.15,71,200.00 | रू0–31,500.00 | रू0–5,000.00 | 3 Months |

1.नोट :– निविदा की शेष शर्तें कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

विश्वासभाजन
कार्यपालक अभियंता,भवन प्रमण्डल,दुमका

PR 343471 (Building)24-25*D



**JHARKHAND BIJLI VITRAN NIGAM LTD**
(CIN: U40108JH2013SGC001702)
Office of the Dy. General Manager (Tech),
Electric Supply Circle, Dumka

**Short e-TENDER NOTICE**

e-tender in two part (Part-I Technical and Commercial and Part-II Price Part) is invited from the reputed tenderers having good experience of following same type of Civil Works and having sound financial status.

| Sl. No. | NIT No. | Name of work | Estimated cost (In Rs.) | Earnest money to be deposited (In Rs.) | Cost of BOQ (non refundable) (In Rs.) | Time for completion |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 271/PR/JBVNL/2024-25 | Extension of ESA office building above meeting hall at mahuadangal, Dumka | 9,93,700.00 | 19,900.00 | 1250.00+225.00 (GST 18%) 1,475.00 | 90 days |

| | |
|---|---|
| Availability of tender documents on website | 04.01.2025 from 5.00 P.M. |
| Last date and time for invite bid submission/uploading of specified document. | 21.01.2025 up to 5.00 P.M. |
| Date and time for opening of Tender Part-I (Technical and Commercial) | 22.01.2025 at 2.30 P.M. |
| Date and time for opening of Tender Part-II (Price Part) | Will be communicated further |
| Tendering Officer and address for communication | DGM(T), Electric Supply Circle, Mahuadangal, Dumka |

1. e-Tender documents and BOQ including terms & conditions, specification etc. can be downloaded and submitted online on website https://jharkhandtenders.gov.in. Any details required in this regard can also be had from the office of the undersigned during office hours.
2. The cost of BOQ and earnest money must be deposited through online mode only. The money deposited by any other mode by the firms against any tender of the Nigam or this office will not be considered for earnest money and BOQ under any circumstances Tenderers shall keep the payment acknowledgement receipt with them as it might be needed to be produced before tendering authority during the process.
3. The tenders will be received through electronic tendering mode only.

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकयतों को टॉल फ्री नं० 1800 345 6570 पर दर्ज करायें।

Sd/-
Dy. General Manager (Technical)
Electric Supply Circle, Dumka

PR 343503 Jharkhand Bijlee Vitran Nigam Ltd (24-25)_D



**।। कार्यालयःजिला पशुपालन पदाधिकारी,गोड्डा ।।**

**आम सूचना**

**पशुपालकों के लिए विशेष पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन**

पशुओं में होनेवाली बीमारियों के रोक थाम तथा पशु उत्पादन को बढ़ाने के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से वित्तीय वर्ष 2024-25 में यह आयोजन राज्य के सभी प्रखंडों के प्रखंड मुख्यालय अंतर्गत आनेवाली पंचायत या समीपवर्त्ती पंचायत में एक साथ दिनांक 10.01.2025 एवं 11.01.2025 को आयोजित किया जाना है, जिसका पंचायतवार शिविर का आयोजन की विवरणी निम्नवत् हैः–

| क्र0 | प्रखंड का नाम | पंचायत का नाम | किये जाने वाले शिविर स्थल/ग्रामो का नाम | आयोजन की तिथि | उत्तरदायी पशु चिकित्सक का नाम | पदनाम | मोबाईल सं0 | अभ्यु0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1. | गोड्डा | कन्हवारा | कन्हवारा | 10.01.2025 एवं 11.01.2025 | डा0 संजीव कुमार | प्रखंड पशुपालन पदा0, गोड्डा | 9123143221 | |
| 2. | सुंदरपहाडी | तिलाबाद | तिलाबाद | 10.01.2025 एवं 11.01.2025 | डा0 विकाश कुमार | भ्र0प.चि0पदा0, सुंदरपहाड़ी | 7250223800 | |
| 3. | पोड़ैयाहाट | सकरीफुलवार | सकरीफुलवार | 10.01.2025 एवं 11.01.2025 | डा0 मांडवी बल्लभ झा | भ्र0प.चि0पदा0 | 9431547170 | |
| 4. | पथरगामा | सोनारचक | सोनारचक | 10.01.2025 एवं 11.01.2025 | डा0 हरिहर प्रसाद | प्रखंड पशुपालन पदा0, पथरगामा | 9973340999 | |
| 5. | बसंतराय | कदमा | कदमा | 10.01.2025 एवं 11.01.2025 | डा0 दिलीप कुमार | पशु शल्य चिकित्सक, गोड्डा | 8084610080 | |
| 6. | महागामा | लौगॉय | लौगॉय | 10.01.2025 एवं 11.01.2025 | डा0 संजय कुमार दूबे | भ्र0प.चि0पदा0, महागामा | 8210032282 | |
| 7. | बोआरीजोर | मेघी | मेघी | 10.01.2025 एवं 11.01.2025 | डा0 आशुतोष कुमार | भ्र0प.चि0पदा0, ठाकुरगंगटी | 8765423675 | |
| 8. | मेहरमा | सौरीचकला | सौरीचकला | 10.01.2025 एवं 11.01.2025 | डा0 रीता चौधरी | भ्र0प.चि0पदा0, मेहरमा | 8340632683 | |
| 9. | ठाकुरगंगटी | फुलवरिया | फुलवड़िया | 10.01.2025 एवं 11.01.2025 | डा0 बालेश्वर प्र0 निराला | भ्र0प.चि0पदा0, दिग्घी | 9934110774 | |

शिविर के आयोजन का उद्देश्य पशुपालकों को समीपवर्त्ती क्षेत्र में ही चिकित्सा की व्यवस्था सुनिश्चित किया जाना है जिससे पशुपालकों के समय की बचत हो सके और स्थानीय स्तर पर चिकित्सा की व्यवस्था सुनिश्चित हो सके।

**शिविर का समय :– सुबह 09:00 बजे से दोपहर 03:00 बजे तक।**

विशेष पशु चिकित्सा शिविर अंतर्गत उपलब्ध कराये जाने वाले पशु स्वास्थ्य एवं अन्य सेवाएँ निम्नवत् होगीः–
1. पशुओं में होनेवाले विभिन्न रोगों की चिकित्सा तथा इसके संबंध में पशुपालक को जानकारी दिया जाना।
2. कुक्कुट भेंड बकरी, गाय, एवं भैंस, में उपलब्धता के अनुसार टीकाकरण कार्य करना।
3. उपलब्धता के अनुसार मिनरल मिक्चर एवं फीड स्पलीमेंट, कृमि नाशक इत्यादि दवा का वितरण का वितरण।
4. पशुओं के स्वास्थ्य संबंधी दिशा– निर्देश एवं तत्संबंधी पम्पलेट/सूचना पत्र का वितरण।
5. चल रहे विभागीय योजनाएँ के संबंध में जानकारी प्राप्त करना।

संबंधित पंचायत के मुखिया/जनप्रतिनिधि से अनुरोध है कि शिविर की जानकारी अपने क्षेत्र में व्यापक रूप से देते हुए शिविर को सफल बनाने में सहयोग करेंगे एव पशुपालकों से अनुरोध है कि आयोजित होने वाली विशेष पशु चिकित्सा शिविर में अपने पशुओं का यथोचित इलाज करायें एवं बीमारी से बचाव हेतु जानकारी प्राप्त करेंगे।

जिला पशुपालन पदाधिकारी
गोड्डा

PR 343461 Animal Husbandry(24-25)#D



**JHARKHAND URJA SANCHARAN NIGAM LIMITED**
(CIN No. – U40108JH2013SGC001704)
OFFICE OF THE GENERAL MANAGER
TRANSMISSION ZONE-II, DUMKA
Email- gmcedeoghar@gmail.com

**Tender Cancellation Notice**

Due to unavoidable circumstances e-NIT No .303/PR/JUSNL/2024-25 is hereby cancelled.

Sd/-
General Manager
(Transmission Zone-II), Dumka

PR No. 341051

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकायतों को टॉल फ्री नं० 1800 345 6570 पर दर्ज करायें।

PR.NO.343469 Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd(24-25):D



झारखण्ड सरकार
श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग
जिला नियोजनालय-सह-मॉडल कैरियर सेंटर, देवघर

| DATE & PLACE | NAME OF EMPLOYER | NAME OF POST | VACANCY | QUALIFICATION | AGE | SALARY | JOB LOCATION |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| DATE- 06.01.2025 PLACE- DISTRICT EMPLOYMENT EXCHANGE CAMPUS DEOGHAR TIME- 10:00 am | RAJRAY SECUREX PVT.LTD PATNA | Security Guard | 200 | 10TH/12TH | 20-40 | 13000/- | Asansol |
| | LIC DEOGHAR | Bima Sakhi (Only Female) | 100 | 10TH pass | 18 above | 7000/- and commission | Deoghar |
| | MD ISLAHUDDIN KHAN ODISHA | Trainee credit officer | 250 | 12TH pass | 18-32 | 12746/- | Pan India |
| | | Trainee relationship officer | | | | 14247/- | |
| | | TCO | | | | 15500/- | |
| | | TCSO | | | | 13500/- | |
| | | TRO | | | | 17758/- | |

जिला नियोजन पदाधिकारी
देवघर

PR 343512 Deoghar(24-25).D

## शिक्षक को दी गई विदाई



**जामताड़ा ।** सदर प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय चाकरी के सहायक शिक्षक अचिंत्य कुमार मंडल गुरुवार को सेवानिवृत्त हो गए। उनकी सेवानिवृत्ति के उपलक्ष्य में विद्यालय में एक भव्य विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में जामताड़ा प्रखंड के कई सहायक शिक्षक, सहायक अध्यापक और अन्य शिक्षक उपस्थित थे। सेवानिवृत्त शिक्षक अचिंत्य कुमार मंडल को फूल-माला और अंग वस्त्र से सम्मानित किया। विद्यालय परिवार के सभी सदस्यों ने शिक्षक के योगदान की सराहना की और उन्हें नए जीवन की शुभकामनाएं दीं। विद्यालय के प्रधानाध्यापक राजीव कुमार दत्ता ने कहा कि प्रत्येक सरकारी कर्मी को एक दिन सेवानिवृत्त होना ही है, और यह समय बहुत भावुक होता है। अपनों के बीच कोई साथी जब जुदा होता है तो उसकी कमी सभी को महसूस होती है। उन्होंने यह भी कहा कि अचिंत्य कुमार मंडल ने विद्यालय में उत्कृष्ट कार्य किया और उनका योगदान कभी भुलाया नहीं जा सकता। समारोह में सीआरपी रणजीत सिंह, रणजीत मिश्रा, दीप्ति बृज पाल, बीआरसी विकास, सुकुमार मंडल, बबलू दुबे, मिहिर साधु, संजय साधु, मानस दत्ता, चंदामुनि सोरेन, बापी पाल, विजय मंडल, अर्जुन मुर्मू, सौर्य मंडल, मेरीलाल मुर्मू, राजकुमार मंडल सहित विद्यालय परिवार के सभी सदस्य और ग्रामीण उपस्थित थे। सभी ने सेवानिवृत्त शिक्षक को नई पारी के लिए शुभकामनाएं दी।

## धोबी समाज की बैठक में हुई समाज उत्थान की चर्चा



**संवाददाता नाला** (जामताड़ा)-- शुक्रवार को हदलबांक गांव में अखिल भारतीय धोबी महासंघ के निर्देश के अलोक में धोबी समाज की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता नारायण चंद्र मंडल ने की। इस दौरान धोबी जाति के सर्वांगीण विकास तथा संगठन को लेकर विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई। सभा की अध्यक्षता कर रहे नारायण चंद्र मंडल ने समाज के सभी लोगों को संगठित होकर भाईचारे के साथ अपने समाज के उन्नति को लेकर आपस में विचार विमर्श करना चाहिए। इस दौरान उन्होंने कहा कि संगठित होकर भविष्य में अपने अधिकार और अस्तित्व को बचाए रखने के लिए सभी को एकताबद्द रहने की आवश्यकता है। आज के इस समाज की बैठक में ग्रामस्तरीय कमिटी का गठन किया गया। इस दौरान सर्वसम्मति से अध्यक्ष के रुप में बिहन मण्डल, उपाध्यक्ष के पद पर अशोक कुमार मण्डल, तथा सचिव के पद पर बलहरी मण्डल का चयन किया गया गया । मंच का संचालन स्वपन कुमार मण्डल ने किया । बैठक में मुख्य रुप से परेश चन्द्र मण्डल, सुबल मण्डल, कालीपद मण्डल, श्रीदाम मण्डल, मनजुड़ा मण्डल, तापस कुमार मण्डल, स्वपन कुमार सहित समाज के अन्य सदस्य मौजूद थे।

## मनरेगा एवं आवास को लेकर बीडीओ ने की बैठक

फतेहपुर । प्रखंड कार्यालय फतेहपुर में शुक्रवार को आवास एवं मनरेगा योजना की समीक्षात्मक बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता बीडीओ प्रेम कुमार दास ने किया। मौके पर बीडीओ ने मनरेगा योजना एवं अबुआ आवास का समीक्षा किया। इसके पश्चात बैठक में बीडीओ ने अबुआ आवास का निर्माण कार्य में तेजी लाने समेत आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। उन्होने मनरेगा योजना का समीक्षा करने के बाद मनरेगा योजना में महिला मजदूरी की भागीदारी बढ़ाने समेत कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। मौके पर जेई किशोर किस्कु, पवन हेंब्रम, चंद्रदेव मुर्मू, प्रखंड समन्वयक, पंचायत सचिव, रोजगार सेवक आदि मौजूद थे।

## तीन दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया



**संताल एक्सप्रेस साहिबगंज/**बोरियो। प्रखंड कार्यालय के सभागार में सबकी योजना सबका विकास अभियान अंतर्गत ग्राम सहजकर्ता दल का तीन दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। जहां बताया गया कि सबकी योजना सबका विकास एक महत्वपूर्ण पहल है जिसका उद्देश्य ग्रामीण में जमीनी स्तर पर लोकतंत्र को मजबूत करना और समावेशी विकास को बढ़ावा देना है। इस अभियान के तहत, ग्राम पंचायतों को वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए अपनी पंचायत विकास योजना (पीडीपी) तैयार करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है ग्राम सभाओं में 29 विषयों से जुड़े सभी विभागों के कर्मी अपने विभाग की योजनाओं की जानकारी देते हैं। पंचायती राज मंत्रालय के अधिकारी और सलाहकारों को विभिन्न राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों में तैनात किया जाता है। ग्राम पंचायतों के वार्षिक बजट की तैयारी की जाती है। सार्वजनिक संपत्तियों पर अतिक्रमण को हटाने पर ध्यान दिया जाता है इस अभियान में, ग्राम पंचायतों के क्षेत्रीय कार्यों में संविधान के अनुसूची ङ्ख में उल्लिखित गतिविधियों का समावेश होता है। इस मौके पर बीडीओ नागेश्वर साव, मास्टर ट्रेनर, सभी पंचायत सचिव, वीआरपी ब्लॉक कोऑर्डिनेटर, पंचायती राज के सदस्य, सहित अन्य मौजूद थे।

## रबी कर्मशाला का आयोजन किया गया




**जामताड़ा।** जिला कृषि कार्यालय सभागार में जिला स्तरीय रबी कर्मशाला 2024-25 का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन उपायुक्त कुमुद सहाय ने किया। इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि किसानों को पुराने परंपरागत कृषि पद्धति से ऊपर उठकर आधुनिक तरीके से कृषि कार्य करना चाहिए। उन्होंने कृषि के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए सभी कृषकों को धन्यवाद दिया। इस कार्यक्रम में परियोजना निदेशक आईटीडीए जुगनू मिंज, जिला कृषि पदाधिकारी लव कुमार एवं भूमि संरक्षण पदाधिकारी ने भी अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम में विभिन्न प्रखंडों से आए हुए कृषकों ने कृषि संबंधी अपनी समस्याओं का उल्लेख किया। इस अवसर पर जिला कृषि पदाधिकारी द्वारा उद्यान के क्षेत्र में स्ट्रॉबेरी की खेती, अनानास की खेती, ड्रैगन फ्रूट की खेती के बारे में बताया गया। इसके अलावा बर्मी कंपोस्ट का उत्पादन खुद से करने का किसानों को सलाह दी गई।

## जनता दरबार :आम जनों की समस्याओं रूबरू हुए डीसी



**संताल एक्सप्रेस साहिबगंज /** शुक्रवार को डीसी ने अपने कार्यालय में जनता दरबार लगाया और लोगों की समस्याएं सुनी । जिले के विभिन्न भागों से आए लोगों ने अपनी अपनी समस्याओं से डीसी को अवगत कराया डीसी हेमंत सती ने जनता दरबार में उपस्थित गीता कुमारी, मेरी मेनका टुडू, ममता पासवान, पुष्पा कुमारी, सुनील मुर्मू, टुकटुकी देवी एवं अन्य लोगों से एक-एक कर उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी हासिल कीं । उन्होंने जनता दरबार में आए लोगों को आश्वस्त किया कि उनकी समस्याओं का तथा शिकायातों की जांच कर जल्द से जल्द समाधान किया जाएगा। गौरतलब है कि जनता दरबार के दौरान शिकायत के रूप में आए आवेदन विभिन्न विभागों व योजना से संबंधित थे ।उन्होंने समस्याओं के बावत संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे जनता की समस्याओ के समाधान की दिशा में त्वरित कार्रवाई करें ताकि आम लोगों को प्रशासन पर विश्वास कायम रह सके। उन्होने अधिकारियों को चेतावनी दी कि वे कोताही न बरतें।

## बंगाली एसोसिएशन के अध्यक्ष बनी मुकुल भट्टाचार्य

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**
पाकुड़। बंगाली एसोसिएशन झारखंड के पाकुड़ शाखा की बैठक पिछले दिन सन्धा काल में एसोसिएशन के केन्द्रीय समिति की कार्यकारी अध्यक्ष प्रबीर भट्टाचार्य के अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। एसोसिएशन के पाकुड़ शाखा समिति के तत्कालीन मौजूदा कार्यकारिणी समिति के पदाधिकारी मंडली को सर्वसम्मति से विघटन कर नयी समिति का गठन करते हुए नए पदाधिकारी मंडली का चयन किया गया ।नवगठित समिति के चयनित पदाधिकारी मंडली में समिति के संरक्षक के रूप में निरंजन घोष, जगन्नाथ मंडल, मानिक चन्द्र देव एवं सुकुमार सरकार बनाए गए है। मुकुल भट्टाचार्य अध्यक्ष के रूप में एवं नारायण घोष एवं बेला मजुमदार को समिति का उपाध्यक्ष बनाए गए हैं।समिति के सचिव के रूप में सर्वेश्वर साधु को चयनित किया गया है तो कालीचरण घोष, पंचानन सरकार, पिंकी चटर्जी, पुलक मित्र सह-सचिव चयनित हुए हैं। समिति के कोषाध्यक्ष तथा सह-कोषाध्यक्ष के रूप में क्रमश संतोष कुमार नाग एवं राधेश्याम दास बनाए गए है।बंगला कला एवं सांस्कृतिक प्रचार प्रसार कोषांग गठित करते हुए पार्थ मुखर्जी के नेतृत्व में कोषांग के सदस्यों के रूप में शवरी पाल, कमला गांगुली, सर्वानी दास, श्सुनन्दा दे एवं ऋषिराज चटर्जी को चयनित किए गए हैं। बांग्ला भाषा एवं साहित्य की समृद्धि के लिए आवश्यक प्रचार प्रसार हेतु गठित कोषांग का गठन करते हुए डॉ॰ श्री शुभेन्दु मंडल, सुबोध दफादार, सोमनाथ दास एवं मुहम्मद हसानुज्जमान को चयनित करते हुए बांग्ला भाषा एवं साहित्य कोषांग गठित किया गया

जिसमे समिति के द्वारा समय समय पर आयोजित होनेवाले सभा, सेमिनार, सम्मेलन एवं सांस्कृतिक आदि कार्यक्रमों के सफ़ल एवं भव्य आयोजन के समुचित व्यवस्थापन हेतु प्रसेनजीत मंडल, संजीत मुखर्जी, गोपाल बोस तथा मानवेन्द्र घोष को सामिल करते हुए व्यवस्थापन कोषांग में समिति के कार्याकलाप, सांस्कृतिक एवं अन्य आयोजनों तथा उपलब्धि की जानकारी जनसाधारण को दिए जाने तथा तथ्यात्मक एवं अधिकारिता के साथ प्रचार प्रसार के लिए के0सी0दास, सदस्य को एकल सदस्यीय प्रचार प्रसार कोषांग के अध्यक्ष चयनित किया गया है। उक्त जानकारी बंगाली एसोसिएशन झारखंड के कार्यकारी अध्यक्ष प्रवीण भट्टाचार्य ने दी हैं।

## 05 जनवरी को मंईया सम्मान योजना के लाभुको को रांची ले जाने को लेकर बीडीओ ने की बैठक

कुंडहित (जामताड़ा)झारखंड मुख्यमंत्री मईया सम्मान योजना के तहत दिनांक 06 जनवरी 2025 को रांची में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय कार्यक्रम के निमित्त शुक्रवार को कुंडहित प्रखंड सभागार में बीडीओ जमाले रजा के अध्यक्षता में प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों संग बैठक किया गया। आयोजित बैठक में बीडीओ ने बताया 06 जनवरी रांची में राज्य स्तरीय कार्यक्रम में माननीय मुख्यमंत्री झारखंड सरकार के द्वारा मईया सम्मान योजना के लाभुकों को 2500 रुपए के प्रथम किस्त का भुगतान किया जाएगा, जिसके लिए प्रखंड के सभी पंचायत से लाभुकों को कार्यक्रम में जाने का निर्देश प्राप्त है। उक्त कार्यक्रम में कुंडहित प्रखंड से करीब 200 लाभुक जायेंगे, जिसके लिए पंचायत वार योजना के लाभुकों को ले जाने

## जयपाल सिंह मुंडा की 122वीं जयंती मनाई गई

जामताड़ा॰ जामताड़ा के पुराना कोर्ट परिसर में झारखंड आंदोलनकारियों और बुद्धिजीवियों ने मिलकर जयपाल सिंह मुंडा की 122वीं जयंती मनाई। इस अवसर पर जयपाल सिंह मुंडा के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। इस दौरान झारखंड आंदोलनकारी नेता रॉबिन मिर्धा ने कहा कि जयपाल सिंह मुंडा से युवाओं को प्रेरणा लेने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि जयपाल सिंह मुंडा ने राज्य के हित के लिए लड़ाई लड़ी और युवाओं को उनके राह पर चलकर राज्य को संवारने का काम करना चाहिए। इस अवसर पर झारखंड आंदोलनकारी नंदलाल सोरेन, महेंद्र टुडू, कमल टुडू, जितेन हसदा, जगन्नाथ पंडित, लाहीर अली, साकेत सिंह, अशोक मरांडी, विजेंद्र मुर्मू, राजेश सेन, रामलाल किस्कू, नंदकिशोर सिंह, परेश मरांडी, लखन किस्कू सहित काफी संख्या में अन्य लोग उपस्थित थे।

## खदान के पास बृद्ध व्यक्ति की मौत के बादशव की हुई शिनाख्त

संताल एक्सप्रेस साहिबगंज। जिले के मिर्जाचौकी थाना क्षेत्र के गिलमारी मौजा के अयाची इंटर प्राईजेज स्थिति एक खदान के पास गुरुवार को एक बृद्ध व्यक्ति के मौत के बाद,शव की हुई शिनाख्त जहाँ अज्ञात वृद्ध व्यक्ति के शव का शिनाख्त शुक्रवार को हो गई है। शव की शिनाख्त उसका पुत्र हजरत अंसारी ने छोटी मेंहदीपोखर के रहने वाले मनान अंसारी(65) के रूप में की है। मृतक का पुत्र ने बताया कि उसका पिता 31 दिसंबर के सुबह दस बजे घर से निकला था। शाम तक घर नही लौटने पर अपने स्तर से काफी खोजबीन की। लेकिन कुछ पता नही चला। वही मृतक मानसिक रूप से अस्वस्थ था। शव परिजनों को सौप दिया गया है। इधर पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## मुखिया संघ की बैठक में पंचायत विकास को लेकर हुई चर्चा

नाला (जामताड़ा)-- शुक्रवार को नाला नेताजी स्टेडियम में मुखिया संघ की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता कुलडंगाल पंचायत के मुखिया सनोहरि हेंब्रम ने की। इस दौरान पंचायत विकास की विभिन्न योजनाओं को लेकर चर्चा की गई किस क्रम में मनरेगा, 15 वां वित्त आयोग सहित विभिन्न बिंदुओं विकास योजनाओं पर चर्चा की गई साथ ही समाज के अंतिम व्यक्ति एवं जरूरतमंद लोगों तक सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ पहुंचाने को लेकर भी आवश्यक परामर्श किए गए। वहीं नए साल के उपलक्ष में सामूहिक रूप से 5 जनवरी को वन भोज करने का भी निर्णय लिया गया। इस अवसर पर मुखिया लखी लाल मरांडी, मिनीसर मुर्मू, महेश्वर हांसदा, सनोहरी हेंब्रम, सावित्री किस्कु, सोनामुखी सोरेन, हीरामणि मुर्मू, आरती हेंब्रम, नेफालाल मरांडी, गायत्री हेंब्रम, अंजलि सोरेन, रानी सोरेन प्रेमो कोड़ा, दिलीप टुडू सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

## झारखंड बंगाली समिति के जिलाध्यक्ष दुर्गा दास भंडारी का जन्मदिन मनाया गया



**जामताड़ा।** झारखंड बंगाली समिति जामताड़ा शाखा के जिलाध्यक्ष दुर्गा दास भंडारी का जन्मदिन जामताड़ा के दक्षिण बहाल स्थित संत एंथनी स्कूल परिसर में मनाया गया। इस अवसर पर झारखंड बंगाली समिति के सदस्यों के अलावा स्वेच्छा रक्तदान समूह के सदस्य एवं जामताड़ा जिला स्पोर्ट्स के सदस्य काफी संख्या में शामिल हुए। इस अवसर पर सावित्री बाई फुले को याद कर उनके जीवन परिचय को उपस्थित लोगों के समक्ष वक्ताओं ने साझा किया। चूंकि आज प्रथम महिला शिक्षिका का जयंती थी, इसलिए उनके जीवन और कार्यों को याद करने के लिए यह एक उपयुक्त अवसर था। इस अवसर पर वनभोज का भी आयोजन किया गया था, जिसमें सभी उपस्थित लोगों ने भाग लिया। साथ ही, दुर्गा दास भंडारी के द्वारा केक काटकर जन्मदिन मनाया गया। इस अवसर पर अशोक कुमार मंडल, कंचन गोपाल मंडल, चंचल रॉय, चंचल भंडारी के अलावा काफी संख्या में लोग मौजूद थे। झारखंड बंगाली समिति के सदस्यों ने दुर्गा दास भंडारी को उनके जन्मदिन पर शुभकामनाएं दीं और उनके कार्यों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि दुर्गा दास भंडारी ने झारखंड बंगाली समिति के लिए बहुत कुछ किया है और उनके नेतृत्व में समिति ने कई महत्वपूर्ण कार्य किए हैं। इस अवसर पर दुर्गा दास भंडारी ने भी अपने शब्दों में सभी को धन्यवाद दिया और कहा कि वह झारखंड बंगाली समिति के लिए और अधिक कार्य करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## नाला पीडब्ल्यूडी में झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा की हुई बैठक



**संवाददाता नाला** (जामताड़ा) ॰ शुक्रवार को नाला पीडब्ल्यूडी में झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता मोहन हांसदा ने की। बैठक में मुख्य रूप से जिला सचिव भुजंग भुषण तिवारी मौजूद थे। इस दौरान मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा की जयंती पर उनके प्रतिछ्रवि पर माल्यार्पण की गई। इस दौरान बैठक में सबों ने झारखंड सरकार से मांग किया कि 3 जनवरी को झारखंड आंदोलन कारी दिवस घोषित की जाए।ताकि पुरे झारखंड में झारखंड आंदोलन कारी अपने आपको गौरवान्वित महसूस करे।इसके अलावे विभिन्न बिन्दुओं पर चर्चा की गई। मौके पर जिला सचिव भुजंग भुषण तिवारी,रमापति भद्र,गुणा मरांडी,आयेन माजी,कुश मंडल, भजहरी हांसदा,परेश घोष, मोहन हांसदा,सुशांत मंडल, हेमलाल सोरेन, मंगल सोरेन, डोमन राय, परिमल घोष, रामपद घोष, बंकिम टुडू, नरेन्दर हेम्ब्रम सहित अन्य सदस्य मौजूद थे।

## सड़क सुरक्षा के तहत बिना हेलमेट वाले को दिया गया फूल



**संताल एक्सप्रेस साहिबगंज** साहिबगंज जिले के नगर थाना पुलिस ने थाना चौक पर बिना हेलमेट वाले मोटरसाइकिल वाहन चालक को गुलाब का फूल देकर किया सम्मानित।मौके मौजूद पुलिसकर्मियों ने जानकारी देते हुए बताया कि आए दिन सड़क दुर्घटना बढ़ रही है।जिसकी रोकथाम के लिए पुलिस अपना काम लगातार करते आ रही है।पर जनता को भी अपनी जिम्मेदारी समझते हुए वाहन चलाते समय सड़क सुरक्षा अधिनियम का पालन करना चाहिए तभी दुर्घटना में काबू पाया जा सकता है।

## बेबी विंटर केयर किट का वितरण



**संताल एक्सप्रेस साहिबगंज** साहिबगंज। सदर अस्पताल में प्रभारी डीएस डॉ मुकेश कुमार ने प्रसूता वार्ड में बेबी विंटर केयर किट का वितरण किया। डीएस ने बताया कि नवजात को ठंड से बचाने के लिए किट का वितरण किया गया है। उन्होंने माताओं को नवजात को किट पहनाने व ठंड से बचाए रखने के लिये कहा। वहींडीएस ने ओपीडी, इमरजेंसी वार्ड, प्रसव कक्ष का जायजा लिया। साथ ही मरीजों के बेड पर कंबल मुहैया कराने का निर्देश दिया।

## द्रोणाचार्य क्रिकेट क्लब ने 21 रनों से दर्ज की जीत



**संताल एक्सप्रेस साहिबगंज।** ज़िला क्रिकेट संघ के तत्वाधान में सिदो-कान्हू स्टेडियम में चल रहे सीनियर क्रिकेट लीग टूर्नामेंट के एक मैच में शुक्रवार को कंबाइंड इलेवन वन बनाम द्रोणाचार्य क्रिकेट क्लब के बीच मैच खेला गया। कंबाइंड इलेवन वन ने टॉस जीत कर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। द्रोणाचार्य क्रिकेट क्लब ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 23 ओवर में 135 रन बना कर ऑल आउट हो गई। सुधांशु रंजन ने 26, अनिकेत आनंद ने 18, रवि कुमार ने 15, दीपक कुमार 12, आनंद ने 17, मो राशिद में 15 बनाए। कंबाइंड इलेवन वन के अमित राज ने 3, शहादत शेख ने 4 व हसीबुल इस्लाम ने 3 विकेट लिए। जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी कंबाइंड इलेवन वन की टीम 26.3 ओवर में 114 रन बना कर ऑल आउट हो गई। हसीबुल इस्लाम ने 32, अमित बढ़ाई ने 20, अमित राज ने 17, दीपक रजक ने 14 ने बनाए। द्रोणाचार्य क्रिकेट क्लब के गेंदबाज प्रशांत ने 2, मो जुनैद ने 5, रवि ने 2, राशिद ने 01 विकेट लिया। द्रोणाचार्य क्रिकेट क्लब ने 21 रनों से जीत दर्ज की। द्रोणाचार्य क्रिकेट क्लब के खिलाड़ी मो जुनैद को मैन ऑफ दी मैच घोषित किया गया। मुख्यातिथि ज़िला क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव अंकुर सिन्हा ने जुनैद को मैन ऑफ दी मैच की ट्रॉफी से पुरस्कृत किया। मैच में अंपायरिंग राकेश कुमार रोशन व प्रभाकर सिंह उर्फ गुड्डा एवं स्कोरिंग केएस सौरभ ने किया। मौके पर टूर्नामेंट इंचार्ज मो अशफाक आलम, चंदन कुमार, आदित्य, सतीश सिन्हा, गोपाल सिंह, सागर सुमन मौजूद थे। टूर्नामेंट इंचार्ज मो अशफाक आलम ने बताया शनिवार को न्यूबीज बनाम कंबाइंड इलेवन टू के बीच मैच खेला जाएगा।

## सावित्रीबाई फुले का जन्मोत्सव आम्बेडकर नगर में धूमधाम से मनाया गया




**जामताड़ा।** आम्बेडकर नगर, जामताड़ा में शिक्षा की देवी और राष्ट्र माता सावित्रीबाई फुले का 194वां जन्मोत्सव हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर उनके अद्वितीय योगदान को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। विक्रम दास दास ने उनके द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में किए गए अभूतपूर्व कार्यों की सराहना की और कहा कि सावित्रीबाई फुले का योगदान आज भी समाज के उत्थान और महिला सशक्तिकरण में अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने समाज में शिक्षा का प्रसार करने के लिए सावित्रीबाई फुले के योगदान को अनमोल बताते हुए, उनके आदर्शों का पालन करने की आवश्यकता पर जोर दिया। इस कार्यक्रम में विभिन्न प्रकार के खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें दौड़, म्यूजिकल चेयर, प्रबोधन, नुक्कड़ नाटक इत्यादि कार्यक्रम शामिल थे। कार्यक्रम के अंत में जितने भी बच्चों ने हिस्सा लिया था, सबके लिए मेडल, सर्टिफिकेट और विभिन्न प्रकार के पुरस्कार वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में सैकड़ों संख्या में मृत्युंजय यादव, रोहित दास, राहुल दास, माला देवी, मिताली बावड़ी, सुसील हाड़ी, तन्नू कुमारी, आशा देवी, शर्मिला देवी, काजोला हाड़ी, समीर हाड़ी, आनंद हाड़ी, टुम्पा देवी, पिंकी देवी, जसीम अंसारी, बासु देव, राजकुमार तुरी, जयप्रकाश मंडल, आंनद हाड़ी, रोहित दास, माला देवी, सुशील हाड़ी, सुनील बाउरी, उत्तम बाउरी, राहुल दास, शोभा देवी, उषा देवी के अलावा काफी संख्या में अन्य लोग उपस्थित थे।

## 14 होमगार्ड जवान हुए सेवानिवृत्ति, दी गई विदाई



**संताल एक्सप्रेस साहिबगंज।** पुरानी एसपी कोठी स्थित गृह रक्षा वाहिनी समादेष्टा आवास पर शुक्रवार को गृह रक्षा वाहिनी के सेवानिवृत होमगार्ड जवानों के सम्मान में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जिला समादेष्टा सूरज कुमार ने 31 दिसंबर 2024 को सेवानिवृत हुए 14 होमगार्ड शमीम अख्तर, जुल्फकार, शेख दिलावर, शेख मोजिम, अशोक कुमार साहा, शिवशंकर प्रसाद शर्मा, विशन साह, अनिल पंडित, भीम प्रसाद यादव, शेख सुल्तान, मोज़म्मिल खां, मो मोफिल, अरविंद कुमार झा, शेख फसाद को माला पहना कर अंगवस्त्र देकर भावभीनी विदाई दी। साथ ही उनके स्वस्थ्य व उज्जवल भविष्य की कामना की। मौके पर कमांडर रंजीत कुमार, हवलदार विजय पांडेय सहित कई होमगार्ड के जवान मौजूद थे।

## 20 व 21 अप्रैल को होगी बोरियो में जलसा, विदेश से आयेंगे मौलाना



**संताल एक्सप्रेस साहिबगंज**
साहिबगंज/बोरियो कुल्लिया फातिमातुज जहरा लिल बनात बोरियो की ओर से 20 व 21 अप्रैल को जलसा की तैयारी को लेकर मदरसा मैदान में मौलवी इम्तियाज अहमद के अध्यक्षता में आम बैठक रखी गई थी। इस बैठक में जलसा की कामयाबी को लेकर विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। वही इस जलसे में देश व विदेश से मशहूर मौलाना शामिल होंगे। इस मौके पर रिजवान अंसारी, कुर्बान अंसारी, इम्तियाज अहमद, शकील अहमद, हाजी अशरफ अली जहांगीर अंसारी, अंसारी मुख्तार अंसारी, जावेद अंसारी, शरीफ अंसारी, हुसैन अंसारी, मुजाहिद अंसारी, सहित अन्य मौजूद थे।

# हूल दिवस पर विवि हड़ताली कर्मी आंदोलन को देंगे धार, आर पार की लडाई को तैयार

## बाह्य स्रोत पर नियुक्त सुरक्षा कर्मियों को प्रतिमाह आंतरिक स्रोत से लाखों का भुगतान क्यों, जांच होनी चाहिए

दुमका ब्यूरो

**दुमका।** मांगें जायज पर देंगे नहीं पिछले एक महीने से ज्यादा समय से सिदो कान्हु मुर्मू विश्वविद्यालय के शिक्षकेतर कर्मचारियों के चल रहे हड़ताल एवं तालाबंदी कार्यक्रम का सबसे मजेदार और हास्यास्पद पक्ष है प्रभारी कुलपति का यह बयान कि कर्मचारियों की मांग जायज किंतु दे नहीं सकते। उक्त बातें महासंघ के महासचिव नेतलाल मिर्धा ने कही, आगे उन्होंने कहा कि आंतरिक स्रोत से लाखों करोड़ों के भुगतान का आदेश वर्तमान कुलपति को राजभवन से प्राप्त हो जाता है किन्तु जब हम नियमित कर्मचारियों के वेतन भुगतान की बात होती है तो राजभवन से आदेश नहीं मिलता। इससे साफ जाहिर है कि जिस भुगतान में व्यक्तिगत फायदे की संभावना होती है तो राजभवन से आदेश प्राप्त हो जाता है और जब कर्मचारियों के वेतन भुगतान को लेकर आदेश नहीं दिया जाता क्योंकि वेतन भुगतान से सिर्फ कर्मचारी ही लाभान्वित होंगे, पदाधिकारी नहीं। नेतलाल मिर्धा ने कहा कि इसकी जांच होनी चाहिए कि क्यों वेतन भुगतान के मामले में राजभवन मौन है? बाह्य स्रोत पर नियुक्त सुरक्षा कर्मियों को प्रतिमाह आंतरिक स्रोत से लाखों का भुगतान किया जा सकता है किन्तु हम कर्मचारियों को देने के लिए कुलपति को पावर नहीं है। महासंघ के अध्यक्ष परिमल कुंदन ने कहा कि पिछले तीन वर्षों से प्रतिमाह आंतरिक श्रोत से हमें एसीपी, एमएसीपी का भुगतान किया जा रहा था जिसे विश्वविद्यालय द्वारा उसे काट लिया गया किंतु उसी आंतरिक स्रोत से हमें सातवें वेतन देने पर विश्वविद्यालय प्रशासन राजी नहीं है। महासचिव नेतलाल मिर्धा ने कहा कि इस बार कर्मचारी आर पार की लडाई के लिए तैयार हैं। ÷हुल दिवस तक हम दरी पर बैठने के लिए संकल्पित है अभी तो एक माह ही हुआ है। हमारी मांग जायज है और हम इसे लेकर रहेंगे।



## कंचन बने ह्यूमन राइट्स कमिटी के महासचिव



**दुमका ।** जिला विधि लिपिक संघ के दुमका के महासचिव कंचन यादव को ऑल इंडिया यादव महापरिषद और ऑल इंडिया ह्यूमन राइट्स कमिटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉक्टर त्रिमल सिंह यादव के द्वारा संतोष कुमार यादव उर्फ कंचन यादव को कमिटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉक्टर त्रिमल सिंह यादव के द्वारा झारखण्ड प्रदेश का माहासचिव मनोनीत किया। इस खुशी में शुक्रवार को दुमका विधि लिपिक संघ के द्वारा कंचन यादव सम्मानित किया गया। जिसमें उपस्थित संरक्षक रविचन्द्र यादव सम्भावित अध्यक्ष एस पी सिन्हा, देवदास जी,नरेन्द्र नाथ दुबे भक्तीपद दास अधिवक्ता कुमोद नारायण झा, विकास चौरसिया आर.जे.डी0के पंकज यादव,भीम महतो, सुमित झा मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## छात्र-छात्राओं के बीच साइकिल का वितरण



**शिकारीपाड़ा।** उप राजधानी दुमका जिले के शिकारीपाड़ा प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय कर्माटांड (हिंदी) में आज शुक्रवार को शिविर लगाकर 08 विद्यालयों के छात्र छात्राओं के बीच साईकिल का वितरण किया गया। सीआरपी प्रदीप कुमार मांझी की देखरेख में छात्र-छात्राओं के बीच साइकिल का वितरण किया गया। वितरण में सभी 08 विद्यालय के प्रधानाध्यापक, विद्यालय के सचिव मौजूद थे। शिविर में गवर्नमेंट अपग्रेड मध्य विद्यालय कोल्हाबदार, गवर्नमेंट मध्य विद्यालय नौपाड़ा, उत्क्रमित मध्य विद्यालय द्वारपहाड़ी,अपग्रेड मध्य विद्यालय धरमपुर, उत्क्रमित मध्य विद्यालय प्रतापपुर,उत्क्रमित मध्य विद्यालय सरायपानी, उत्क्रमित मध्य विद्यालय अमरपानी, उत्क्रमित मध्य विद्यालय रांगा, इन सभी विद्यालयों में कुल 127 छात्र- छात्राओं के बीच साइकिल का वितरण किया गया। मौके पर दिनेश कुमार साहा, मल्लिक अख्तर, आबिदा खातून, दयामय साहा, राजीव कुमार सिंह आदि साइकिल वितरण में उपस्थित रहे।

## कृषकों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित



**दुमका ।** आत्मा सभागर दुमका में टारगेटिंग राइस फॉलो एरियाज योजनान्तर्गत कृषकों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम शुक्रवार को हुई । इस कार्यक्रम में जिला उद्यान पदाधिकारी गौतम कुमार, अग्रणी बैंक प्रबंधक पटेल जी, परियोजना निदेशक आत्मा संजय कुमार मंडल, कनीय पौधा संरक्षण पदाधिकारी शुभांकर गुप्ता, प्रखंड तकनीकी प्रबंधक, दुमका दीपक चन्द्र साह तथा दुमका जिले के विभिन्न प्रखंडों के कृषक उपस्थित हुए। मौके पर परियोजना निदेशक आत्मा द्वारा प्रशिक्षण कार्यक्रम से संबंधित विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। उन्होने बताया कि टारगेटिंग राइस फॉलो एरियाज आरकेभीवाई योजना की एक उप योजना है जो कि चावल उत्पादित क्षेत्रों में दालों एवं तिलहन की खेती को बढ़ावा देती है। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन में तिलहन फसलों के लिए टी आर एफ ए नामक एक घटक भी शामिल है। इस योजना के अन्तर्गत कृषकों को चना, मसुर, सरसों आदि बीज कृषकों को प्रत्यक्षण को लेकर निःशुल्क उपलब्ध कराया जाता है। प्रत्यक्षण का मकसद यह है कि कृषक इन बीजों को उन्नत तकनीक द्वारा अपने खेत में लगाये।

## गोपीकांदर झामुमो प्रखंड कमेटी ने शिव बास्की को दी बधाई



**गोपीकांदर ।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के नवनिर्वाचित दुमका जिला अध्यक्ष शिव कुमार बास्की से गोपीकांदर झामुमो प्रखंड कमेटी के कार्यकताओं के द्वारा मिलकर नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष चुने जाने पर उन्हें बधाई दिया। साथ ही सभी ने पुष्प गुच्छ भेंट कर एवं पुष्प माला पहनाकर सम्मानित किया। तथा मिठाई खिलाकर खुशी जाहिर किया। इस मौके पर झामुमो केन्द्रीय समिति सदस्य सह जीप सदस्य निशा सबनम हांसदा, झामुमो नेत्री पोलिना मुर्मू, प्रखंड मुखिया संघ प्रखंड अध्यक्ष ज्योतिष बास्की, पूर्व मुखिया ननमिथयास मुर्मू, शांति देवी, वरिष्ठ कार्यकर्ता कुबराज बेसरा, मनोज मरांडी, अरर्नेस्ट हांसदा, विद्यायानंद मुर्मू, मधुसूदन राय, लखीदर दास, शिला सोरेन, राशो हांसदा सहित प्रखंड के सातों पंचायतों के वरिष्ठ और सक्रिय कार्यकर्ता मौजूद थे।

## सोहराय पर्व की तैयारी को लेकर बैठक



**रानीश्वर ।** मयूराक्षी ग्रामीण महाविद्यालय रानीश्वर में शुक्रवार प्रभारी प्राचार्य प्रोफेसर नव कुमार पाल की अध्यक्षता में महाविद्यालय में सोहराय पर्व मनाने का निर्णय लिया गया। जिसमें उपस्थित सभी प्राध्यापकों एवं छात्र छात्राओं ने सोहराय पर्व के महत्व पर विस्तृत रूप से चर्चा की । महाविद्यालय में 10 जनवरी को सोहराय पर्व मनाया जायेगा द्य इस अवसर पर प्रोफेसर उदय प्रसाद सिंह ने अपनी बातो को रखा, इस अवसर पर आई क्यू ए सी को ऑर्डिनेटर प्रोफेसर आबिद राजा ने सोहराय पर्व मनाने पर खुशी व्यक्त की साथ ही डॉ स्वर्ण कुमार सिंह ने भी खुशी व्यक्त करते अपनी बातो को रखा है । संथाली विभाग के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर अन्थोनी हांसदा इस अवसर पर सभी शिक्षक शिक्षकेतर कर्मचारी डॉ हिमांशु कुमार सिंह, डॉ रूपम कुमारी, डॉ रीना कुमारी, डॉ प्रशांत पातर, प्रोफेसर विभाष चंद्र झा, तलत नूर, गजेंद्र कुमार सिंह, जयमंगल राय आदि सभी छात्र छात्राये उपस्थित रहे।

## आत्मानंद पुरी के जन्मदिवस पर कंप्यूटर लैब का उद्घाटन



**दुमका।** सतन आश्रम धधकिया दुमका द्वारा संचालित राम गोपाल शर्मा गुरूकुलम में गुरूकुलम के निदेशक स्वामी आत्मानंद पुरी के जन्मदिवस के अवसर पर तुषार कांति दे शुक्रवार को मेमोरियल कंप्यूटर लैब का उद्घाटन आकाशवाणी , गुवाहाटी स्टेशन के पूर्व मुख्य अभियंता दिवंगत तुषार कांति दे कि धर्म पत्नी तथा सिउडी महिला समाज की अध्यक्षा बेला रानी दे के कर कमलों द्वारा किया गया। विदित हो कि यह कंप्यूटर लैब तुषार कांति दे के पुत्र तमाल कुमार दे के सहयोग से गुरूकुलम को समर्पित किया गया ।

## न्यूनतम मजदूरी दर की मांग को लेकर बासुकीनाथ नगर पंचायत के कर्मियों ने किया प्रदर्शन



संवाददाता

**जरमुंडी ।** बासुकीनाथ नगर पंचायत के नियोजित कुशल,अर्द्ध कुशल व अकुशल कोटि के कर्मियों ने शुक्रवार को न्यूनतम मजदूरी की मांग को लेकर एकदिवसीय विरोध प्रदर्शन कर कार्य बहिष्कार किया। बासुकीनाथ नगर पंचायत कार्यालय के समक्ष आयोजित इस कार्यक्रम में मजदूरों ने श्रम नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग रांची झारखंड के अधिसूचना और संख्या-530, दिनांक 11 मार्च 2024 एवं श्रम अधीक्षक दुमका के पत्रांक- 429, दिनांक दो सितम्बर 2024 के अनुसार प्रभावी न्यूनतम मजदूरी की मांग कर रहे थे। यहां बता दें कि बासुकीनाथ नगर पंचायत क्षेत्र (बी श्रेणी क्षेत्र) में नियोजित विभिन्न श्रेणी के कर्मचारियों के लिए न्यूनतम मजदूरी की दर क्रमशः कुशल मजदूरों यथा अनुसेवक, दैनिक वेतन भोगी मजदूर, सफाई कर्मी, चौकीदार व जेनरेटर ऑपरेटर हेतु न्यूनतम मजदूरी 446 रुपए दैनिक दर तथा मासिक दर 11596 रुपए निर्धारित की गई है। वहीं अर्द्ध कुशल कर्मचारियों के लिए 468 रुपए, दैनिक दर एवं 12168 निर्धारित की गई है। वहीं कुशल कर्मचारी यथा वाहन चालक, कंप्यूटर ऑपरेटर, डाटा एंट्री ऑपरेटर के लिए दैनिक 670 रुपए एवं मासिक दर 16042 निर्धारित की गई है। जबकि अतिकुशल मजदूरों के लिए दैनिक न्यूनतम मजदूरी 712 रुपए एवं मासिक दर 18512 रुपए निर्धारित की गई है। किंतु अभी तक प्रभावी न्यूनतम मजदूरी नियोजित कर्मचारियों को प्राप्त नहीं हो पा रही है। विरोध प्रदर्शन और एकदिवसीय कार्य बहिष्कार के दौरान मौके पर संतोष राम, जितेंद्र हरि,नरसू हांसदा, चुन्नू राय, विनोद दास, कुंदन हरि , जीवन मेहतर, पूनम देवी, सोम हांसदा, सुखलाल, सिकंदर दास, श्रवण राम, फूलन देवी, सिकंदर हरि, लीला देवी, राजेश मेहतर, राजेश हरि ,बहामुनी, रतन राम, जितनी देवी, रवि लाल, मनोज हरि ,रविंद्र मुर्मू ,सुनील हांसदा, पूजा देवी, पप्पू हांसदा, मदन हेंब्रम, सुदर्शन हरि, कुसमी देवी, सनी राम, मुकेश हरि , अनु देवी, बाबू कुमार, जितेंद्र मेहतर, माया देवी, गंगाराम, लता देवी, मनी देवी, काली हेम्ब्रम, मणिलाल दास, नंदन हरि, रानी देवी , सुनील टुड्डू, सोनालाल, बेबी देवी, ठाकुर सोरेन व छोई राम आदि अन्य मौजूद थे।

## ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विवि के द्वारा कार्यशाला आयोजित



**दुमका ।** शहर के शिव पहाड़ स्थित राज पैलेस गिधनी रोड में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी विश्वविद्यालय के द्वारा दिव्यांग बच्चों के समता, संरक्षण या सशक्तिकरण प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में जमा विधायक डॉक्टर लुईस मरांडी उपस्थिति रही। उन्होंने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि आज के दौर में दिव्यांग सब कुछ कर सकता है जो आमजन कर सकते हैं। उसमें एक अद्भुत शक्ति है। दिव्यांग अपनी क्षमता से पढ़ सकते हैं लिख सकते हैं। कहा कि शारीरिक मानसिक कमजोरी भी आपके लक्ष्य तक पहुंचने से नहीं रोक सकती । इस अवसर पर ब्रह्माकुमारी ईश्वरी विश्वविद्यालय सेवा केंद्र की संचालिका बीके माला उपस्थित थी। इस कार्यक्रम में 50 भाई बहनों ने भाग लिया। इस प्रशिक्षण के अंतरगत बीके सूर्य प्रकाश ने बताया कि दिव्यांग बच्चों को सशक्त बनाने के लिए उनके लिए भी आध्यात्मिकता सीखा जा सकता है। जिस में चित्र से चरित्र चित्रण, डॉक्यूमेंट्री फिल्म, स्माइल बॉल गेम, स्नेक लैडर या ब्रेल लिपि में राजयोग ध्यान सिखाने की विधि बताई गई है। कार्यक्रम संचालन डॉ पीयूष रंजन फुलो झानो मेडिकल कॉलेज दुमका ने किया।

## शव को कब्जा में लेने के लिये नाना और दादा घर के परिजनों के बीच जमकर हुआ विवाद




संताल एक्सप्रेस संवाददाता

**देवघर ।** गुरुवार को हुए सड़क हादसे में साढ़े तीन वर्षीय आदिल अंसारी की मौत के बाद उसके शव को कब्जा में लेने को लेकर दोनों परिवारों के बीच जमकर विवाद हुआ। शुक्रवार को शव का पोस्टमार्टम के बाद कब्जे में लेने को विवाद इतना बढ़ गया कि बड़ी संख्या में पुलिस बलों को तैनात करना पड़ा। काफी देर तक शव को साथ ले जाने की बात पर बच्चे के दोनों परिवार के सदस्य आपस में भिड़ते रहे। पुलिस पदाधिकारी लोगों को काफी समझाने-बुझाने का प्रयास करते रहे लेकिन दोनों पक्ष अपनी बातों पर अड़े रहे। बाद में स्थानीय विधायक सुरेश पासवान सहित अन्य नेतागण पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे। दोनों पक्षों को समझाया-बुझाया। इसके बाद बच्चे के शव को उसकी मां और उसके मायके वाले साथ ले गए।

वहीं बच्चे के पिता कुंडा थाना क्षेत्र के दुर्गापुर निवासी जिबराइल अंसारी ने कहा कि बच्चे के साथ अनहोनी की आशंका व्यक्त करते हुए कहा कि वह रायपुर में रहकर काम करता है। बच्चा अपनी मां के साथ दुमका जिला के तालझारी थाना क्षेत्र स्थित सहारा स्थित अपने मामा घर में रहता था। उसका उसकी पत्नी के साथ पारिवारिक विवाद कोर्ट में चल रहा है। गुरुवार को आदिल अपने मामा और नाना के साथ मोटरसाइकिल से कहीं जा रहा था। उसी दौरान तालझारी के समीप हुए हादसे में उसकी मौत हो गई। जबकि घटना में आदिल के ना तो सिर पर और ना ही शरीर के किसी भाग में जख्म का निशान देखा गया। इससे साफ पता चलता है कि उसके साथ किसी साजिश के तहत अनहोनी वारदात को अंजाम दिया गया होगा।

## जयपाल सिंह मुण्डा का मना जन्म-दिन



**रानीश्वर(दुमका) ।** भारत सेवाश्रम संघ के सचिव स्वामी नित्यव्रतानंद महाराज के नेतृत्व में शुक्रवार को प्रणवानंद विद्या मंदिर परिसर में आदिवासी महासभा के संस्थापक जयपाल सिंह मुंडा का 122वां जन्म दिन मनाया गया। अवसर पर स्वामीजी ने बच्चों को उनके योगदान व सामाजिक कार्यों के बारे में जानकारी दी7 उन्होंने बताया कि जयपाल सिंह मुंडा का जन्म 3 जनवरी 1903 को खूंटी में हुआ था। 20 जनवरी 1970 को दिल्ली में उनका देहांत हो गया। जयपाल सिंह मुंडा आदिवासी महासभा के संस्थापक एवं संविधान सभा के सदस्य थे। श्री मंडा ने सर्वप्रथम झारखंड अलग राज्य की मांग की थी। वह राजनेता, स्पोर्टस मेन, लेखक के साथ पत्रकार भी थे।

## पूर्व रेलवे ने दिसंबर 2024 में रिकॉर्ड माल ढुलाई की

शेखर सुमन

**देवघर।** पूर्व रेलवे,आसनसोल ने नए माल परिवहन अवसरों की खोज करने हेतु अथक प्रयासों, स्थानीय परिवहनकर्ताओं के साथ बेहतर बातचीत और नए माल टर्मिनलों के रणनीतिक उद्घाटन के माध्यम से माल परिवहन में एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। दिसंबर 2024 में, पूर्व रेलवे ने 8.50 मिलियन टन माल ढुलाई कर सर्वकालिक उच्च स्तर दर्ज किया। यह पूर्व रेलवे के इतिहास में अब तक के दिसंबर का उत्कृष्ट माल ढुलाई है। यह असाधारण उपलब्धि पूर्व रेलवे द्वारा माल ढुलाई सेवाओं में सुधार और अपने ग्राहक आधार का विस्तार करने पर निरंतर ध्यान केंद्रित करने का परिणाम है। चालू वित्त वर्ष (2024-25) में अप्रैल से दिसंबर 2024 की अवधि के लिए संचयी माल ढुलाई 70.80 मिलियन टन तक पहुंच गई है, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि (59.76 मिलियन टन) की तुलना में 18.47त्न की वृद्धि को दर्शाती है। यह वृद्धि पूर्व रेलवे के अपने माल परिवहन को मजबूत करने और अपने क्षेत्राधिकार में विभिन्न उद्योगों की मांगों को पूरा करने के निरंतर प्रयासों को दर्शाती है। माल राजस्व के मामले में भी पूर्व रेलवे ने एक उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की। दिसंबर 2024 में, माल राजस्व 812.06 करोड़ रुपये की कमाई की और पिछले वर्ष दिसंबर, 2023 की 694.24 करोड़ की कमाई को पार कर नया रिकॉर्ड बनाया। अप्रैल से दिसंबर 2024 की अवधि के दौरान, पूर्व रेलवे का माल राजस्व 27.90त्न की वृद्धि के साथ 6727.46 करोड़ रु. हो गया है, जो पिछले वित्त वर्ष (2023-24) की इसी अवधि में यह 5259.91 करोड़ रुपये था। माल ढुलाई और राजस्व में इस वृद्धि का श्रेय कई प्रमुख पहलों को दिया जाता है, जिसमें व्यवसाय विकास इकाइयों (बीडीयू) के प्रयास भी शामिल हैं, जिन्होंने नए माल यातायात अवसरों को अनलॉक करने के लिए सक्रिय रूप से काम किया है। एक उल्लेखनीय विकास दुमका से पत्थर के टुकड़े के लिए माल परिवहन की शुरुआत है, जो बीडीयू के नए माल ढुलाई से कमाई के अवसरों को खोजने और विस्तार करने के प्रयासों का परिणाम है। पूर्व रेलवे अपने नेटवर्क का विस्तार, बुनियादी ढांचे का आधुनिकीकरण और स्थानीय ट्रांसपोर्टरों के साथ साझेदारी को बढ़ावा देकर अपनी माल ढुलाई सेवाओं में लगातार सुधार करने के लिए प्रतिबद्ध है। इन प्रयासों ने पूर्व रेलवे को पूरे भारत में उद्योगों के लिए एक विश्वसनीय और कुशल माल परिवहन भागीदार के रूप में स्थापित किया है।

## द नेक्सट फ्रंटियर इन रिसर्च इवेंट विषय पर एसपी कॉलेज में वर्कशॉप

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

**दुमका।** संताल परगना कॉलेज दुमका में कॉलेज प्राचार्य डॉ खिरोधर प्रसाद यादव की अध्यक्षता में शुक्रवार को ÷ इंटरनेशनल वर्कशॉप ऑन आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एण्ड मशीन लर्निंग- द नेक्सट फंटियर इन रिसर्च इवेंट ÷ विषय पर आयोजित एक चार दिवसीय वर्चुअल अंतरराष्ट्रीय वर्कशॉप के दूसरे दिन के तकनीकी सत्र को संबोधित करते हुए कॉलेज प्राचार्य सह संरक्षक डॉ खिरोधर प्रसाद यादव ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों की आवश्यकता सभी के लिए आवश्यक है। साथ ही शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को इससे ज्यादा से ज्यादा लाभ उठाने को प्रेरित किया। कार्यक्रम में अतिथियों को स्वागत करते हुए इस अंतरराष्ट्रीय वर्कशॉप के कन्वेनर सह मानसिक स्वास्थ्य परामर्श केंद्र (मनोविज्ञान विभाग) के निदेशक डॉ विनोद कुमार शर्मा ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस के द्वारा विकास के गैप्स को भरा जा सकता है एवं समाज का सर्वांगिक विकास किया जा सकता है। मानवीय व्यवहारों का एक मशीनी नकल है जो हमारे जगह हमारे कमांड पर काम करता है। इससे निष्पक्ष तौर पर न केवल विश्वसनीय परिणामों की प्राप्ति होती है बल्कि विभिन्न तरह के साइबर अपराध पर नियंत्रण सहित आपदाओं पर नियंत्रण या बचाव हेतु उपाय सुझाती है। संभावित घटनाओं की भविष्यवाणी भी करती है। यह एक कंप्यूटर या मशीन या गैजेट के द्वारा मानवीय व्यवहारों का हू- ब - हू नकल होता है जिसपर भरोसा किया जाता है और जिससे लगातार काम लिया जा रहा है।

यह आर्टिफीशियल इंटेलीजेंस मुख्यतः शिक्षा, स्वास्थ्य, शोध, रक्षा , जलवायु परिवर्तन आदि क्षेत्रों की जान है। मुख्य संसाधन सेवी ग्लोबल फाउंडेशन विलेज, नई दिल्ली की डॉ मनाली राज ने ए आई का क्लाइमेट चेंज की भूमिका पर विस्तार से चर्चा किया। उन्होंने ए आई के विभिन्न प्रयोगों, नीतियों, पूर्वानुमानित परिणामों, एथिकल इश्यूज आदि के बारे में भी बताया। उन्होंने कहा कि ए आई के द्वारा विद्यार्थियों के लिए बेहतर स्मार्ट क्लास बनाया जा सकता है। आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस एल्गोरिथम के द्वारा योजनाओं को सार्थक बनाया जा सकता है एवं किसानों की आत्महत्या की प्रवृत्ति को भी रोका जा सकता है। स्वास्थ्य के क्षेत्र में अपेक्षित सुधार लाया जा सकता है। ज्योति विद्यापीठ विमेंस यूनिवर्सिटी जयपुर से जस्टिंदर कौर ने ए आई के बारे में मंच संचालन तथा धन्यवाद ज्ञापन असिस्टेंट नैक कॉर्डिनेटर डॉ अनीता चक्रबर्ती ने सफलतापूर्वक किया।

## स्वास्थ्य सेवाओं के साथ शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ और बेहतर बनाने की दिशा में करें कार्य : डीसी



संताल एक्सप्रेस संवाददाता

**देवघर ।** प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत जिले के मारगोमुण्डा, मोहनपुर, पालोजोरी, सारठ, सारवां व सोनारायठाड़ी प्रखण्ड अन्तर्गत (पीभीटीजी गांव) चल रहे बुनियादी सुविधाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में चल कार्यो की समीक्षा बैठक का आयोजन समाहरणालय सभागार में किया गया। इस दौरान उपायुक्त ने पीभीटीजी समुदाय के विकास पर केन्द्रित प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत किये जा रहे कार्यों की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को निदेश दिया कि डोर टू डोर सर्वे करते हुए पीभीटीजी गांव में कैम्प लगाकर आवश्यकतानुसार योजनाओं से जोड़ते हुए गांवों को सेच्चुरेटेड करने की दिशा में कार्य करें। साथ ही राशन कार्ड, जॉब कार्ड, आवास, आधार कार्ड, बैंक एकाउंट, स्वास्थ्य बीमा योजन, झारखण्ड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना, स्वास्थ्य कैम्प, आयुष्मान कार्ड, पीएम किसान और केसीसी से शत प्रतिशत पीभीटीजी गांवों को आच्छादित करने की दिशा में कैम्प लगाने का निदेश संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिया, ताकि पीभीटीजी गांवों में रहने वाले जनजातीय समूहों की सामाजिक और आर्थिक रूप से सशक्त व आत्मनिर्भर बनाया जा सके।इसके अलावे बैठक के दौरान उपायुक्त ने प्रखण्डवार तरीके से आदिम जनजाति बहुल गांव एवं टोलों में सर्वे कराते हुए मुख्यमंत्री झारखण्ड उज्जवल योजना के तहत शत प्रतिशत घरों में बिजली कनेक्शन देने का निदेश विद्युत विभाग के कार्यपालक अभियंता को दिया। आगे उपायुक्त ने जल जीवन मिशन के तहत शेष बचे पीभीटीजी गांवों के शत प्रतिशत घरों में नल कनेक्शन करने का निदेश कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल देवघर व मधुपुर को दिया। साथ ही पीभीटीजी गांव में शत प्रतिशत व्यस्क लोगों का बैंक खाता खुलवाने के साथ-साथ पीएम किसान योजना और केसीसी से आच्छादित करने हेतु कैम्प लगाने का निदेश एलडीएम व जिला कृषि पदाधिकारी को दिया।

## वार्षिक खेलकूद : 100 मी दौड़ में प्रकाश सोरेन, सुशीला हेंब्रम व बैडमिंटन में श्रुति व रेशमा ने मारी बाजी



संवाददाता

**जरमुंडी ।** गवर्मेंट टूल रूम एंड ट्रेनिंग सेंटर जरदाहा,जरमुंडी में दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विभिन्न प्रकार के खेलकूद प्रतियोगिता के साथ-साथ टेक्निकल क्विज भी कराया गया। जिसमें संस्थान के छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रभारी प्राचार्य एवं कॉलेज प्रबंधन द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया। कॉलेज के खेल मैदान में विभिन्न प्रकार के खेल प्रतियोगिता जैसे क्रिकेट, वॉलीबॉल, टांग ऑफ वॉर, 100 मीटर रेस, थ्री लेग रेस, म्यूजिकल चेयर, रंगोली आदि का आयोजन किया गया। खेल समापन के उपरांत संस्थान के ऑडिटोरियम हॉल में सभी विजेता प्रतिभागियों को प्रभारी प्राचार्य एवं फैकल्टी द्वारा मेडल व ट्राफी देकर सम्मानित किया गया। प्रभारी प्राचार्य बिहारी लाल ने विजेता प्रतिभागियों के बेहतर प्रदर्शन के लिए विशेष पुरस्कार देकर शुभकामनाएं दी गई। यहां बता दें कि100 मीटर दौड़ रेस लड़का वर्ग में प्रकाश सोरेन एवं लड़की वर्ग में सुशीला हेंब्रम ने बाजी मारी। वहीं बैडमिंटन में श्रुति कुमारी एवं रेशमा हांसदा ने, वॉलीबॉल में डीटीडीएम बैच 2024-28 तथा कैरम प्रतियोगिता लड़का वर्ग में आशीष कुमार, धर्मेंद्र महतो, लड़की में प्रगति कुमारी, खुशबू कुमारी ने बाजी मारी। जबकि थ्री लेग रेस में श्रुति कुमारी एवं रेशम हांसदा, टांग ऑफ वार में लड़का में डीटीडीएम बैच 2024-28, लड़की वर्ग में मशीनिस्ट बैच 2024 25, म्यूजिकल चेयर में श्रुति कुमारी, रंगोली में कमोली, नीली एवं छोटी कुमारी, फुटबॉल में डीटीडीएम बैच 2022-26, टेक्निकल क्विज में प्रथम स्थान टीम ए का रहा। जिसमें डीटीडीएम बैच 2022-26 के छात्र रंजीत कुमार यादव, छन्नू कुमार, शोएब अख्तर, शशिकांत महतो, नसीबन अंसारी एवं दीपक मांझी शामिल थे। प्रतियोगिता का संचालन संस्थान के प्राचार्य एवं कॉलेज के सभी शिक्षकों ने सहयोग किया।